

RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 53 | कुशीनगर | सोमवार 21 दिसम्बर, 2020 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये



## बंगाल दौरे के दूसरे दिन बोलपुर में गृह मंत्री शाह

# रोड शो में उमड़ी भीड़

**नजदीकियों के लिए डिस्टेंसिंग खत्म**



कोलकाता,(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे का आज दूसरा दिन है। वे यहां राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंचे हैं। रविवार को शाह पश्चिम बंगाल के बीरभूम पहुंचे। उन्होंने शांति निकेतन में विश्व भारती विश्वविद्यालय पहुंचकर रबींद्रनाथ भवन में गुरू रबींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने विश्वविद्यालय में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गृह मंत्री ने बाउल गायक के परिवार के साथ दोपहर का भोजन किया। अब वे स्टेडियम रोड पर हनुमान मंदिर से बोलपुर सर्किल तक बोलपुर में रोड शो कर रहे हैं। माना जा रहा है कि वे बीरभूम के मोहोर कुटीर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ अपनी यात्रा खत्म करके दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। शनिवार को अपने दौरे की शुरुआत उन्होंने कोलकाता में स्वामी विवेकानंद की जन्मस्थली का दौरा करके किया था। शाह का रोड शो शुरू केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बोलपुर में एक रोड शो कर रहे हैं। बाउल गायक के घर अमित शाह ने किया भोजन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुकुल रॉय और दिलीप घोष सहित अन्य पार्टी नेताओं ने बीरभूम जिले के बोलपुर में एक बाउल गायक के आवास पर दोपहर का भोजन किया। टैगोर को जब नोबेल मिला तब उसका सम्मान बढ़ा शांति निकेतन के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अमित शाह ने कहा, श्टैगोर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वह एकमात्र ऐसे शख्स हैं जिन्हें दो देशों के राष्ट्रगान लिखने का सम्मान मिला है। गुरुदेव को जब नोबेल मिला तो मैंने किसी की उक्ति पढ़ी थी कि गुरुदेव के ज्ञान को, गुरुदेव के साहित्य को, गुरुदेव की कविता को नोबेल पुरस्कार ने स्वीकार किया है। मैं इतना बहुत मानता हूं कि नोबेल ने गुरुवर की कविताओं को स्वीकारा। नोबेल ने गुरुवर को सम्मानित करके अपने आप को एकनॉलेज किया है। इस समय केंद्र और ममता सरकार के संबंध अच्छे नहीं चल रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हमला, भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले और राज्य के अधिकारियों से जवाब–तलब के कारण यह तल्खी ज्यादा बढ़ गई है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव भी हैं। इस बीच अमित शाह का दौरा अहम हो जाता है।

### दौरे का पहला दिन धमाकेदार रहा

शाह ने अपने दौरे की शुरुआत धमाकेदार तरीके से की। मिदनापुर में हुई उनकी रैली में तृणमूल कांग्रेस के कई विधायक, एक सांसद, पूर्व सांसद और ब्ड ममता बनर्जी के खास रहे शुभेंदु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए। यहां अमित शाह ने कहा कि अच्छे लोग भाजपा के साथ आ रहे हैं।

### शाह ने रामकृष्ण आश्रम से मिशन बंगाल शुरू किया

अमित शाह ने मिशन बंगाल की शुरुआत रामकृष्ण आश्रम जाकर की। यहां उन्होंने रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस के घर गए और उनके परिवार वालों से मुलाकात की। यहां उन्होंने कहा कि खुदीराम बोस के घर आकर नई ऊर्जा का अनुभव कर रहा हूं।

### पश्चिम बंगाल में अगले साल चुनाव

इस समय केंद्र और ममता सरकार के संबंध अच्छे नहीं चल रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हमला, भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले और राज्य के अधिकारियों से जवाब–तलब के कारण यह तल्खी ज्यादा बढ़ गई है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव भी हैं। इस बीच अमित शाह का दौरा अहम हो जाता है।



जम्मू–कश्मीर में चिल्ले कलां आज से शुरू होगा। यह 40 दिन चलेगा। इस दौरान सर्दी बढ़ने से पानी के स्रोत जम जाते हैं। प्रशासन ने इसके मद्देनजर खाद्यान्न समेत अन्य जरूरी सामग्री का भरपूर भंडारण कर लिया है। कश्मीर में भीषण सर्दी 21 दिसंबर से शुरू होकर 31 जनवरी तक रहती है। इसे ही चिल्ले कलां कहा जाता है।

## सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की बढ़ेगी संख्या, यूपी सरकार ने विशेषज्ञों की भर्ती का दिया आदेश

लखनऊ,(एजेंसी)। पिछले सप्ताह मिली कैबिनेट की मंजूरी के बाद शासन ने 'संशोधित उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य नियमावली–2020' जारी कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सीधी भर्ती का रास्ता साफ कर दिया है। शासन द्वारा इस सम्बन्ध में शनिवार को जारी आदेश के बाद अब उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों की सीधी भर्ती हो सकेगी और सरकारी चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या भी बढ़ाई जा सकेगी। सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति व उनकी अधिक से अधिक मौजूदगी के लिए कैबिनेट से पिछले सप्ताह 'उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य नियमावली–2020' के प्रख्यापन



के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी। नई नियमावली में संवर्ग में कुल पदों की संख्या 19,011 पद है (इसमें 10,580 पद एमबीबीएस के तथा 8,431–विशेषज्ञों के हैं) को यथावत् बनाए रखा गया है। चिकित्सा अधिकारी, ग्रेड दो (स्तर–2) के विशेषज्ञतावार सीधी भर्ती के लिए उपलब्ध पद अथवा संवर्ग में उपलब्ध विशेषज्ञ पदों की कुल संख्या का विशेषज्ञतावार विभाजन (स्तर–2 से स्तर–7 तक) किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से सीधी भर्ती के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। आज जारी आदेश के अनुसार चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में वर्तमान में चिकित्सकों के कुल 19,011 पद सृजित हैं।

## फुटवेयर शोरूम में लगी भीषण आग, चार मंजिला भवन जलकर खाक

इंदौर,(एजेंसी)। इंदौर शहर के कनाड़िया इलाके में शनिवार सुबह एक फुटवेयर शोरूम में भीषण आग लग गई। शो रूम के आस पास रहवासी बस्ती है जिसके चलते आसपास के मकान खाली करवाए गए हैं। वही सूचना पर फायर ब्रिग्रेड ने पहुँचकर आग पर काबू पाया। दमकल कर्मचारियों ने शोरूम की एक–एक मंजिल पर सीढ़ी लगाकर पानी और फोम के माध्यम से आग बुझाई। जानकारी के अनुसार संविदनगर कनाड़िया रोड सब्जी



मंडी के पास जूता जंक्शन नाम से पवन हरियाणी का फुटवेयर का तलघर सहित 5 मंजिला शोरूम है। इस पांच मंजिला इमारत में बड़े स्तर पर जूते–चप्पल का कारोबार होता है। सुबह करीब 8रू30 बजे अचानक इमारत की तीसरी मंजिल से धुआं उठते हुए रहवासियों ने देखा तो महेंद्र जैन नामक व्यक्ति ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तब तक आग ऊपर से नीचे तक फैल गई थी। शोरूम में कई जगह ग्लास लगे हुए हैं। आग की वजह से कांच धमाकों के साथ फूटते रहे। आग की इस घटना को देखने बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और आग बुझाने की कोशिश भी करते रहे। दमकल की 2 गाड़ियां एवं पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे थे जिन्होंने पानी का छिड़काव कर आग बुझाने की कोशिश की।

## अचानक गुरुद्वारा रकाब गंज पहुंचे पीएम मोदी, गुरु तेग बहादुर को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार सुबह अचानक दिल्ली स्थित गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब पहुंचे और देश की आन–बान की खातिर अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि दी। बता दें कि आज गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस है। दिल्ली की सीमा पर जारी किसान आंदोलन के बीच पीएम का गुरुद्वारा रकाब गंज पहुंचना बहुत अहम माना जा रहा है, क्योंकि आंदोलन में पंजाब–हरियाणा के किसानों की सक्रिय भूमिका है। सूत्रों ने बताया कि जिस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुद्वारा रकाब गंज पहुंचे, उस दौरान ना ही कोई पुलिस बंदोबस्त किया गया था और



ना ही आमजन के लिए यातायात अवरोध लगाए गए। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सिख गुरु के शहीदी दिवस पर पंजाबी में ट्वीट किया। साल 1621 में जन्मे सिखों के नौवें गुरु तेगबहादुर 1675 में दिल्ली में शहीद हो गए थे। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, श्श्री गुरु तेग बहादुर जी का जीवन साहस और करुणा का प्रतीक है। महान श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर मैं उन्हें नमन करता हूं और समावेशी समाज के उनके विचारों को याद करता हूं। सिखों के नौवें गुरु थे गुरु तेग बहादुरगुरु तेग बहादुर सिखों के दस गुरुओं में से नौंवे थे। 17वीं शताब्दी (1621 से 1675) के दौरान उन्होंने सिख धर्म का प्रचार किया। वे दसवें गुरु गोविंद सिंह के पिता भी थे। सिखों के गुरु के तौर पर उनका कार्यकाल 1665 से 1675 तक रहा। उन्होंने धर्म का प्रचार करने के लिए पूरे उत्तर और पूर्वी भारत का भ्रमण किया। उन्होंने मुगल साम्राज्य के अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। अपने अनुयायियों के विश्वास और धार्मिक स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। इसी कारण उन्हें हिंद दी चादर भी कहा जाता है।

### अमरिंदर सिंह का आरोप, कहा...

## केंद्र आढ़तियों को डराने–धमकाने की कर रहा कोशिश

चंडीगढ़,(एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र आयकर विभाग के छापों के जरिए आढ़तियों को ''डराने–धमकाने'' की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आगाह किया कि इस तरह के कदमों से भाजपा नीत केंद्र



सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा और बढ़ेगा। सिंह ने यहां एक बयान में कहा कि जवाब का इंतजार किए बिना और नोटिस जारी करने के महज चार दिन के भीतर पंजाब के कई आढ़तियों के परिसरों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की। उन्होंने दावा किया कि यहां तक कि सामान्य प्रक्रिया के रूप में स्थानीय पुलिस को सूचित तक नहीं किया गया और आयकर विभाग की टीमों की छापेमारी के दौरान सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का इस्तेमाल किया गया। सिंह ने कहा कि छापों के जरिए आढ़तियों को ''डराने–धमकाने'' की कोशिश की जा रही है और इस तरह की ''दमनकारी'' कार्रवाई का भाजपा के लिए उल्टा परिणाम होगा।

## दिल्ली की सर्दी भी नहीं तोड़ सकी किसानों का हौसला, कड़ाके का ठंड में जारी है आंदोलन

नई दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली शीत लहर की चपेट में है, इसके बावजूद केंद्र के कृषि कानूनों का दिल्ली की सीमाओं पर विरोध कर रहे किसान अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। शहर में रविवार को पारा 3.4 डिग्री सेल्सियत तक गिर गया जो इस मौसम में अब तक का सबसे न्यूनतम तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा,"सफदरजंग वेधशाला में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री नीचे 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है।" किसान आंदोलन शुरू हुए चार सप्ताह हो चुके हैं और इसके कारण सीमा पर कई बिंदुओं पर यातायात का मार्ग परिवर्तित किया गया है जिसकी वजह से



यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। किसान आंदोलन जब से शुरू हुआ है तब से ही दिल्ली यातायात पुलिस लगातार ट्वीट कर सड़के बंद होने और वैकल्पिक मार्गों से जुड़ी जानकारी यात्रियों को दे रही है।

## महाराष्ट्र में छह माह मास्क अनिवार्य, लॉकडाउन या नाइट कर्फ्यू नहीं लगेगा: उद्धव ठाकरे

मुंबई,(एजेंसी)। महाराष्ट्र में लगातार कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं ऐसे में रविवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि अगले छह महीने तक के लिए मास्क पहनना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि मैं महाराष्ट्र में रात्रि कर्फ्यू या किसी अन्य लॉकडाउन के पक्ष में नहीं हूं। ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में कोरोना वायरस कर्फ्यू या एक और लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि राज्य में पूरी तरह नहीं लेकिन फिर भी कोरोना वायरस से संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है।



## शीत लहर की चपेट में आई दिल्ली, 3.4 डिग्री पहुंचा पारा, अब तक का सबसे कम तापमान

नई दिल्ली,(एजेंसी)। देश की राजधानी दिल्ली में रविवार को कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान गिरकर 3.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है जो कि इस मौसम मेंअब तक का सबसे कम तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने बताया कि सफदरजंग वेधशाला में रविवार सुबह तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस नीचे 3.4 डिग्री पर दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। लोधी रोड पर तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी की ओर से बताया गया कि बर्फ से ढके पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र से चलने वाली बर्फीली हवाओं की वजह से शहर में ठंड का प्रकोप बरकरार है।शुक्रवार को जाफरपुर मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शहर में गुरुवार को बेहद ठंडा दिन दर्ज किया गया था। जब अधिकतम तापमान गिरकर 15.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था जो कि सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस कम था और इस मौसम का सबसे कम तापमान था। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और शनिवार को यह 21.8 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी के अनुसार ठंडा दिन तब होता है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम होता है और अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे होता है।

## ग्राम प्रधान और सेंट थाँमस स्कूल सिसवां एवं सेंट थाँमस स्कूल बैकुंठपुर मे कम्बल वित्रीत किया गया

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

भटनी देवरिया। ग्राम प्रधान रूपई के सहयोग से सेंट थाँमस



स्कूल मे कम्बल वित्रीत किया गया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेंट थॉमस स्कूल बैकुंठपुर एवं सेंट थॉमस स्कूल सिसवां भटनी के संस्थापक एवं निवर्तमान ग्राम प्रधान रुपई विकास खण्ड भटनी के श्री श्रीकांत गुप्ता जी और विद्यालय के प्रबंधक श्री संतोष गुप्ता जी कर कमलों द्वारा आज दिनांक 20–12–2020 दिन रविवार को 300 कम्बल का वितरण किया गया। गरीब एवं तपके वर्ग के लोगो ने इस प्रचण्ड ठंढी में कम्बल लेते हुए प्रधान जी को बहुत – बहुत बधाई दी और प्रबंधक जी को ढेरो सारी शुभकामनाएं दी तथा उन लोगो के लम्बी आयु की कामना की।

## सेंट थाँमस स्कूल सिसवां और बैकुंठपुर के दोनो स्कूलों को दिल्ली सिबीएसी स्कूल का मिला मान्यता

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

भटनी देवरिया। सेंट थॉमस स्कूल बैकुंठपुर की शाखा सेंट थॉमस स्कूल सिसवा भटनी देवरिया को मिली क्मसीप ठवंतक से CBSE की मान्यता ।जिसका Affiliation Number 2133534 और स्कूल नंबर 71704 हैं। विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि अब क्षेत्रीय बच्चो को 12 स्टैण्डर्ड तक कि शिक्षा अपने नगर भटनी में मिलेगी। मैं अपने क्षेत्रीय जनता और सम्मानित अध्यापको का बहुत आभारी हूं जिनके सहयोग से हमे यह मुकाम हासिल हुआ है।

## अचानक तबीयत खराब होने से सेना के जवान की मौत

अमित रेखा जितेन्द्र कुमार सिंह

देवरिया। भलुवनी थाना क्षेत्र ग्राम जरार मानिक गांव में सेना के जवान का शव आते ही गांव में मातम छा गया। स्वजन की चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। जवान की अर्थी उठी तो सभी ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।विजय कुमार गोंड़ 45 पुत्र लल्लन प्रसाद गोंड भारतीय सेना में इंजीनियरिंग कोर



नसीराबाद में कार्यरत थे। गुरुवार को अपनी नई तैनाती स्थल निसामारी (असम) जा रहे थे। ट्रेन से जाते समय गुवाहाटी स्टेशन पर अचानक तबीयत खराब होने के कारण उनके साथियों ने उनको हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अंतिम विदाई बरहज सरयू तट पर दी गई। 1995 में सेना में हुए थे भर्ती। ग्राम जरार मानिक निवासी विजय कुमार गोंड़ 1995 में सेना में भर्ती हुए थे। पहली तैनाती केरल में हुई थी। शनिवार को उनका मृत शरीर गांव पहुंचा, स्वजन,गांव के लोग व सेना के जवानों ने उनको श्रद्धांजलि दी। स्वजन का रो–रो कर बुरा हाल है। पत्नी चंद्रिका देवी रोते बिलखते बेहोश हो जा रही थीं। दो बेटियां भावनी–17 व अक्षरा–15 हैं। सेना के जवान तीन भाइयों में बड़े थे। इनके दो भाई सुनील व धर्मेंद्र प्राइवेट क्षेत्र में नौकरी करते हैं।

## 23 दिसम्बर को होगा किसान गोष्ठी व कम्बल वितरण कार्यक्रम

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

भटनी देवरिया। देवरिया सोनूघाट के जनता इंटरमीडिएट कालेज के प्रांगण में 23 दिसम्बर को भव्य किसान गोष्ठी व 4000 कम्बल लोगों के बीच वितरित किया जायेगा ।इस बात की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजनकर्ता प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नं 56 देवरिया दक्षिणी अनिल कुमार यादव ने बताया कि 23 दिसम्बर को किसान गोष्ठी व कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर किसान दिवस के रूप में 23 दिसम्बर को सोनूघाट के जनता इंटरमीडिएट कालेज में भव्य रूप से मनाया जायेगा ।साथ ही किसानो की समस्या को लेकर व्यापक रूप से इस गोष्ठी में चर्चा होंगी ।गोष्ठी के बाद 4000 कम्बल लोगों के बीच वितरित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम से जुड़े लोगों ने जोर सोर से तैयारी शुरू कर दी है ।अंत में आयोजनकर्ता अनिल कुमार यादव ने लोगों से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आयोजित किसान गोष्ठी में पहुंचे और कार्यक्रम को सफल बनाये।

## कड़ाके की ठंड ने देवरिया को लिया आगोश में

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

भटनी देवरिया। दो दिनो से चल रही तेज हवाओं ने जिसे शीतलहर के नाम से जाना जाता है इसके चलते ठंड ने अपना रौद्र रूप दिखा दिया है। वही कड़ाके की ठंड ने साथ लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है वही पशु पक्षीयों के लिए यह ठंड आफत बन कर आया है। ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा अलाव जलाने की तैयारी पूरे जनपद में कहीं नहीं दिख रहा है। मौसम विभाग की चेतावनी मानें तो पूर्वी उत्तर प्रदेश में तेज हवाओं के साथ ठंड का प्रकोप अभी और बढ़ेगा ।जिससे कुछ मुसीबते खड़ी हो सकती हैं। प्रशासन को चाहिए कि जगह जगह अलाव वयवस्था के साथ रैन बसेरो की संख्या बढ़ाये जिससे फुटपाथ पर सोने वालों को राहत मिल सकें। वही डाक्टर कि मानें तो इस शीतलहर में लोग ज्यादा से ज्यादा गर्म कपड़े पहने कानों को ढक कर रख्खे विशेष तौर से वृद्ध व बच्चे घर के बाहर कम से कम निकले।

# कान काटने के आरोप में एससी/एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

अमित रेखा जितेंद्र कुमार सिंह

देवरिया। एक साल पहले हुई मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने सभासद आशुतोष तिवारी के विरुद्ध एससीध्एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला करीब एक साल पुराना है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी थी ।दी गई तहरीर में रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गौर कोठी के रहने वाले नंद किशोर गोड़ पुत्र मोहन प्रसाद गोड़ ने आरोप लगाया है कि 24 नवम्बर 2019 को उन्होंने अपनी पत्नी को शहर के राघव नगर मोहल्ले में भर्ती कराया था। जहां उनका बेटा बाहर निकल कर सड़क के किनारे नाले में शौचालय कर रहा था। इसे लेकर सभासद और नंदकिशोर से विवाद हो गया। मारपीट में सभासद ने युवक का कान अपने दांत से काट दिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा मामला रफा–दफा कर दिया। पीड़ित नंद किशोर के अनुसार समझौते में इलाज का खर्च देने की बात हुई थी लेकिन सभासद ने खर्च नहीं दिया। रुपये मांगने पर अभद्रता करने गले। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली पुलिस ने सभासद आशुतोष तिवारी के विरुद्ध 323, 504, 506,324 आईपीसी और एसीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

'सभासद ने सांसद पर लगाए थे आरोप'–पिछले दिनों सभासद आशुतोष तिवारी ने मारपीट का आरोप लगाया था। सभासद ने यहां तक कहा है कि यदि उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके लिए सांसद जिम्ध्मेदार होंगे। उधर, सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने सभासद के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए उल्टे उनपर बदनाम करने की कोशिश का आरोप लगाया था। मामला देवरिया टाउनहाल स्थित प्रेक्षागृह के नामकरण से जुड़ा बताया जा रहा है। राघवनगर वार्ड नंबर 17 के सभासद आशुतोष तिवारी ने आरोप लगाया कि 19 नवम्ध्बर की रात साढ़े 10 बजे सांसद रमापति राम त्रिपाठी के आवास पर उनके साथ मारपीट हुई। इस दौरान एक ठेकेदार ने पिस्ध्टल निकाल ली और कई लोगों ने मिलकर उन्ध्हें मारा–पीटा। सभासद ने प्रधानमंत्री, मुख्ध्यमंत्री, डीएम, एसपी और भाजपा नेताओं को चिट्ठी लिखकर मामले की शिकायत की है। चिट्ठी में आशुतोष तिवारी ने लिखा कि वह 15 वर्षों से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 20 दिसम्ध्बर 2019 को उन्ध्होंने टाउनहाल स्थिध्त प्रेक्षागृह का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्ध्व.अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने का प्रस्ध्ताव रखा था। नगर पालिका बोर्ड ने यह प्रस्ध्ताव पास कर दिया। कमिश्ध्नर ने भी संस्ध्तुति कर दी। सभासद का कहना है कि सितम्ध्बर 2020 में प्रशासन और संगठन के कुछ लोगों के कहने पर वहां देवरिया के पूर्व सांसद स्ध्व.मोहन सिंह की प्रतिमा स्ध्थापित कर दी गई। वहां उनका नाम भी लिखवा दिया गया। सभासद ने आरोप लगाया कि 19 नवम्ध्बर की शाम को वह सांसद के जिला पंचायत स्थित आवास पर गए तो सांसद ने उनसे नगर पालिका बोर्ड की होने वाली बैठक में अपना प्रस्ध्ताव वापस ले लेने को कहा। उन्ध्होंने इसके लिए मना कर दिया तो वह भड़क गए। अपशब्ध्द कहने लगे। इसी बीच ठेकेदार गिरीश सिंह ने उनसे धक्का मुक्की की। पिस्ध्टल तानकर धमकी दी। सभासद का आरोप है कि उन्ध्होंने विरोध किया तो सांसद ने खुद भी उन्ध्हें पीटा। इसके बाद वहां मौजूद ड्राइवर, ठेकेदार और कई अन्ध्य लोगों ने मिलकर उन्ध्हें पीटना शुरू कर दिया। उन्ध्होंने वहां से भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई।

## बृजमनगंज जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से अलाव जलाने व कम्बल वितरण की मांग की'

अमित रेखा सुनील पाण्डेय

ब्यूरो महराजगंज । जनपद महराजगंज के नगर पंचायत बृजमनगंज में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इससे आम जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। लेकिन प्रशासन की



ओर से अभी तक कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इसके चलते मजदूरों व गरीब तबके के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ठंड से लोगों को राहत मिले इसके लिए पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र यादव, ,प्रधानसंघ अध्यक्ष नन्हे सिंह,बीडीसी बबलू जायसवाल,प्रधानप्रतिनिधि गणेश जायसवाल, बबलू सिंह,आशीष जायसवाल, रवि यादव,क्रंति मणि, जेपी गौड़, प्रधान अमित पासवान ने स्थानीय प्रशासन से नगर पंचायत बृजमनगंज के विभिन्न जगहों पर अलाव जलाने की मांग की है। प्रधानप्रतिनिधि दिलीप चौधरी ने कहा कि अलावा के साथ ही जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया जाए।

## महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र नई किरण का आयोजन कर जनपद पुलिस द्वारा 05 परिवारों को बिखरने से बचाया

अमित रेखा दुर्गेश मूर्तिकार

सिद्धार्थनगर ।एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी के निर्देश पर 20ध्12ध्2020 को महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र ध्नई किरण का आयोजन



किया गया ।जिसमें कुल 10 पत्रावलीयां विचारार्थ प्रस्तुत हुई तथा 09 पत्रावलियों में दोनों पक्ष उपस्थित हुए । परामर्श के बाद 05 पत्रावलियों का सफल निस्तारण संभव हुआ ।परामर्श के मुख्य परामर्शदाता, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, विजय कान्त मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा । निस्तारण में पूनंम मौर्या, उ.नि. महिला थाना, महिला मुख्य आरक्षी सरोज माला, महिला आरक्षी सविता सिंह, महिला आरक्षी ब्यूटी गिरी, महिला आरक्षी नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डा0 अमृतांशु शुक्ल ने माँ की पूण्यतिथि पर जरूरतमंदों को शाल व कम्बल भेंट करते हुये किया पौधरोपण'

अमित रेखा – रमेश जायसवाल

हाटा – कुशीनगर। मेरी माँ का समाज के वंचित लोगों के प्रति आजीवन लगाव रहा। अपने जीवन काल में जब भी उन्हें अवसर मिला या कोई पीड़ित दिखा तो उन्होंने उसकी हर संभव मदद की और हम भाई बहनों को भी इनकी मदद करने की सीख दी। इसी क्रम में आज उनकी





पूण्यतिथि के अवसर पर झुग्गी झोपड़ी में ठंड को झेल रहे जरूरतमंदों के बीच अपनी अर्धांगिनी श्रीमती साधना शुक्ला के साथ शाल व कम्बल भेंट करके मैंने अपनी स्वर्गवासी माँ के बताए रास्ते पर चलने का प्रयास किया है। उक्त बातें बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के प्राचार्य डॉ0 अमृतांशु शुक्ल ने अपनी माताजी स्व. श्रीमती कालिंदी शुक्ला के चौथी पूण्यतिथि पर महाविद्यालय के समीप स्थित झोपड़ पट्टी में ठंड का प्रकोप झेल रहे जरूरतमंदों को शाल व कम्बल भेंट करते हुते कहा। इसके पूर्व नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान कार्यालय पर माताजी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा व पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में इग्नू की समन्वयक डॉ0 सीमा त्रिपाठी, नयी दिशा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ0 गौरव तिवारी, सत्येंद्र मिश्र, राहुल यादव, विजय चौरसिया, इन्द्र मिश्र, डॉ0 हरिओम मिश्र इत्यादि उपस्थित रहे।

## शांति प्रयाग कपड़ा बैंक ने निर्बल असहाय जरूरतमंदो में बाटी गर्म कपड़ा

अमित रेखा – प्रदीप कुमार श्रीवास्तव

गोडरिया – कुशीनगर। शांति प्रयाग कपड़ा बैंक द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा शक्ति संघ के संरक्षक व रास्ट्रीय स्नातक महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ के के गुप्ता ने सेवरही स्थित मुशहर वस्ती के अवदान टोला में बच्चों व बुजुर्गों को गर्म कपड़े बांटकर



ठंड से बच बचाव के तरीके बताकर उनको अपने स्वास्थ्य की देख भाल करने की जानकारी दी। साथ मे मुशहरबस्ति के बच्चों को साफ सफाई के बारे में शिक्षा देकर उनको अच्छे से रहने की अपील की ।डॉ गुप्ता उभरता हुआ एक ऐसा चेहरा हैं जो निरन्तर गरीबों के बीच मे अपना समय देते रहते हैं। आपसे बताते चलें कि डॉ गुप्ता यंहा के बच्चों को गोद लेकर शिक्षा देने का वादा किये हैं और अपनी देख रेख में बच्चों की भविष्य सवारने में अपनी योगदान दे रहे हैं ।डॉ गुप्ता समाज मे शांति प्रयाग रोटी बैंक ,दवा बैंक कपड़ा बैंक पुस्तक बैंक इत्यादि की सेवा लगातार दे रहे हैं ।शांति प्रयाग कपड़ा बैंक वितरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा शक्ति संघ के सारे पदाधिकारी धुरेन्दर जी , अजय जी , सामन्त जी, भोला जी , कृष्णा जी, विनोद जी , अभय जी, सोनू जी, कन्हैया जी ,राकेश जी इत्यादि गांव के समस्त परिवार उपस्थित थे।

## मिला प्रमोशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी के अधीक्षक डा0 हीरालाल को

अमित रेखा सुनील पाण्डेय

ब्यूरो महराजगंज। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सीनियर चिकित्साधिकारियों की लिस्ट जारी हुई है। जिसमें बहुत से चिकित्सको को सीनियारिटी के हिसाब से पोस्ट दिया गया है। इसी क्रम मे महराजगंज जिले के फरेन्दा ब्लाक क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी अधीक्षक बाल रोग विशेषज्ञ डॉ हीरालाल का स्थानांतरण गैर जनपद में हो गया । मिली जानकारी के अनुसार लोगो ने बताया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरेन्दा बनकटी के अधीक्षक एवँ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हीरा लाल का प्रमोशन वरिष्ठ परामर्श बाल रोग विशेषज्ञ के पद पर बलरामपुर जिला चिकित्सालय पर हो गया ।कर्मचारियों ने बताया कि डॉक्टर हीरा लाल का कार्यकाल बेहद अच्छा व सराहनीय रहा है। डॉ0 हीरा लाल एक अच्छे अधीक्षक के साथ – साथ एक अच्छे एवँ लोकप्रिय चिकित्सक भी रहे हैं। भविष्य में भी हम लोग ऐसे ही अधिकारी के दिशा निर्देश पर काम करने की कामना करते हैं। डॉ हीरालाल बहुत दिनों तक कैम्पियरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी अपना सेवा चुके हैं। बहुत ही अच्छा सरल स्वभाव से जाने जाते हैं। कैम्पियरगंज के लोगों ने खुशी जाहिर की डॉ हीरालाल प्रति खुशी जाहिर करने वालों में वीरेंद्र कुमार सिंह अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कैंम्पियरगंज, आशीष कुमार अग्रहरी भारतीय किसान यूनियन मंडल महामंत्री गोरखपुर एवं स्वतंत्र जनमित्र तहसील प्रभारी कैंम्पियरगंज,शकुन टाइम्स तहसील प्रभारी श्री प्रकाश अग्रहरि उर्फ शम्भु तहसील प्रभारी कैंम्पियरगंज,चंद्र प्रकाश अग्रहरि स्वतंत्र जनमित्र प्रमुख संवाददाता गोरखपुर मंडल, नितिन मातनहेलिया अभय पाण्डेय मिरिहिरिया ग्राम प्रधान प्रतिनीधी बाबू राम पाण्ड्य संतोष कैंम्पियरगंज, मोहित किंग युवा संकल्प फाउंडेशन अध्यक्ष,दीपक सिंह,प्रणव जायसवाल,आदि खुशी जाहिर की।

## अंग्रेजी शराब ले जाते हुए कोतवाली पुलिस ने किया दो को गिरफ्तार

अमित रेखा जितेन्द्र कुमार सिंह

देवरिया। बीते शुक्रवार को एसएसआई दीपक कुमार थाना कोतवाली मय पुलिस टीम द्वारा सुबाष चौक पर संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी कि मुखबीर खास की सूचना पर मिली कि गौरीबाजार की तरफ से दो चार पहिया छोटी गाड़ी में अवैध शराब लेकर आ रहे है। थोड़ी देर बाद गौरीबाजार की तरफ से आ रहे वाहनों में से आगे पीछे चल रहे दो वाहनों होण्डा सिटी कार नं0–डीएल–3सी11–4931 व होण्डा सिटी कार नं0–डीएल–7सीएफ–4363, को दूर से ही रूकने का ईशारा किया गया, जिसपर उनके द्वारा वाहन की गति तेज कर दिया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल बैरियर गिरा कर घेराबन्दी कर उक्त वाहनों से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता 01. पंकज शर्मा पुत्र



रोशनलाल सा0 बड़ागांव थाना अम्बाला कैण्ट जिला अम्बाला, हरियाणा 02. संदीप उर्फ राहुल पुत्र स्व0 मदनलाल सा0 म0नं0–एध्243 विजय बिहार फेज–5 थाना रोहिणी सेक्टर–2 जिला पच्छिमी दिल्ली, दिल्ली बताया गया। उक्त वाहनों से कुल–128बोतल, 476बोतल हाफ एवं 1474बोतल क्वार्टर इम्पिरिया ब्लू अंग्रेजी नाजायज शराब व 04 अद्द फर्जी नम्बर प्लेट बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों से कड़ाई से पूछ–ताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह बिहार जा रहे थे। इस प्रकार 128बोतल, 476बोतल हाफ एवं 1474बोतल क्वार्टर इम्पिरिया ब्लू अंग्रेजी नाजायज शराब व 04 अद्द फर्जी नम्बर प्लेट बरामदगी करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

# जिला योजना समिति की बैठक मंत्री श्रम एवं सेवायोजनाध्जनपद प्रभारी मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुई

अमित रेखा दुर्गेश मूर्तिकार

सिद्धार्थनगर। जिला योजना समिति की बैठक मंत्री श्रम एवं सेवायोजनाध्जनपद प्रभारी मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता एवं बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी, सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक चौधरी अमर सिंह, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष गोविन्द माधव, डीएम दीपक मीणा, एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी, सीडीओ पुलकित गर्ग एवं डी0एफ0ओ0 आकाशदीप बधावन की उपस्थिति में लोहिया कलाभवन में सम्पन्न हुई।

सर्व प्रथम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य को जिलाधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देष देते हुए कहा कि भारत सरकारध्उ0प्र0 सरकार विकास कार्यो के प्रति अत्यन्त ही संवेदनषील है तथा सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिलना चाहिए। आज इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2020–21 के जिला विकास योजना की संरचना हेतु शासन से रू0 42175.00 करोड़ का परिव्यय जनपद के विकास के लिए निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देषों के अनुरूप निर्धारित परिव्यय रू0 42175.00 करोड़ के अन्तर्गत जिला योजना की संरचना की गयी है। जिसमें केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के संरचना हेतु केन्द्रांष के धनराषि की पूर्ण व्यवस्था की गयी है। जिला विकास योजना वर्ष 2020–21 में जनपद की आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए निम्नानुसार परिव्यय का प्रावधान किया गया है। वन विभाग के अन्तर्गत रू0 405.26 लाख, डी0सी0एन0आर0एल0एम0 योजनान्तर्गत 1454 स्वयं सहायता समूहों हेतु रू0 1534 लाख, रोजगार कार्यक्रम (मनरेगा)के अन्तर्गत 21629.55 लाख, प्राथमिक शिक्षा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 3028.3 परिव्यय रखा गया है। प्रभारी मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सभी अधिकारियों को निर्देष दिया कि विकास के कार्य जमीनी स्तर पर होना चाहिए दिखावा नही होना चाहिए। जनपद में दुग्ध का उत्पादन बढ़ाने के लिए दुग्घ अधिकारी को समिति का गठन करने का निर्देश दिया गया। दुग्ध व्यवसाय करके किसानों की आय दोगुनी करने का सरकार का लक्ष्य है। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि जिला अस्पताल में जितनी निःशुल्क दवाओ की सूची चस्पा कराने का निर्देश दिया गया। जनपद प्रभारी मंत्री ने गन्ना किसानों का भुगतान कराने का निर्देश दिया गया। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पशुओं के उपचार हेतु निःशुल्क दवायें नही जाती है। जनपद प्रभारी मंत्री ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि पशुओं के उपचार हेतु निःशुल्क दवाये दी जाये। जनपद प्रभारी मंत्री ने इस बैठक में संबधित अधिकारियों द्वारा पूरी तैयारी न होने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि ऐसी पुनर्रावृत्ति भविष्य में पुनः न हो। अपने विभाग से संबधित पूर्ण जानकारी के साथ ही बैठक में प्रतिभाग करे। मुख्य विकास अधिकारी ने मंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय



आजीविक मिशन योजनान्तर्गत समूह की महिलाओ को सरकारी राशन की रिक्ति दुकानो का आवंटन कराया गया है।

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी ने अधिरियों को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं से संबधित शासन से जो भी पत्राचार किया जाये उसके बारे में जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी जाए। सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देष देते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी विकास के कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराये जायें।

# मेस्सी ने पेले के सर्वाधिक क्लब गोल के रिकार्ड की बराबरी की

*पेले ने कहा, ''आपकी तरह मैं भी जानता हूं कि हर दिन एक ही शर्ट पहनने का क्या महत्व होता है। आपकी तरह मैं भी जानता हूं कि उस स्थान से बेहतर कुछ नहीं होता जहां हम घर जैसा महसूस करते हैं। ऐतिहासिक रिकार्ड पर बधाई लियोनेल। ''*



बार्सिलोना। लियोनेल मेस्सी ने बार्सिलोना और वेलेंसिया के बीच 2–2 से ड्रा छूटे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा मैच में गोल दागकर किसी एक क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल करने के पेले के रिकार्ड की बराबरी की। मेस्सी ने 2004 से लेकर अब तक बार्सिलोना की तरफ से 643 गोल दागे हैं और इस तरह से उन्होंने पेले के 1957 से 1974 तक सांतोस की तरफ से किये गये सर्वाधिक गोल के रिकार्ड की बराबरी की। मेस्सी बार्सिलोना ओर स्पेनिश लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। जनवरी 2018 में मेस्सी यूरोप की शीर्ष लीग में 366 गोल करके गर्ड मुलेर के बुंदेसलीगा में किये गये 365 गोल के रिकार्ड को तोड़ा था। मेस्सी ने इससे पहले 2012 में 86 गोल करके मुलेर के एक साल में सर्वाधिक गोल करने के रिकार्ड को तोड़ा था। पेले ने अर्जेंटीना फारवर्ड को इस नयी उपलब्धि पर बधाई दी। पेले ने कहा, ''आपकी तरह मैं भी जानता हूं कि हर दिन एक ही शर्ट पहनने का क्या महत्व होता है। आपकी तरह मैं भी जानता हूं कि उस स्थान से बेहतर कुछ नहीं होता जहां हम घर जैसा महसूस करते हैं। ऐतिहासिक रिकार्ड पर बधाई लियोनेल। '' मेस्सी का बार्सिलोना से अनुबंध जून में समाप्त हो रहा है और वह जनवरी से अन्य क्लबों के साथ बातचीत करने के लिये स्वतंत्र होंगे। बार्सिलोना की अभी ला लिगा में अच्छी स्थिति में नहीं चल रहा है। वह पांचवें स्थान पर है और शीर्ष पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से आठ अंक पीछे है। एटलेटिको ने लुई सुआरेज के दो गोल की मदद से एलची को 3–1 से हराया। मेस्सी ने पहले हाफ के इंजुरी टाइम में गोल करके पेले के रिकार्ड की बराबरी की।

## एयर इंडिया का निजीकरण इस साल पूरा होना मुश्किल

*एक अधिकारी ने कहा, ''सौदा परामर्शदाता छह जनवरी को पात्र बोलीदाताओं को सूचित करेंगे। उसके बाद बोलीदाताओं को एयर इंडिया की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी से जुड़े आंकड़ें उपलब्ध कराये जाएंगे।''*



नयी दिल्ली। एयर इंडिया के विनिवेश की प्रक्रिया अगले वित्त वर्ष तक खींच सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2020–21 में अब तीन महीने से कुछ ही अधिक समय बचे हैं, ऐसे में विनिवेश प्रक्रिया के पूरा होने की संभावना बहुत कम है। नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाला टाटा समूह तथा अमेरिका का कोष इंटरअप्स इंक समेत कई इकाइयों ने सरकारी एयरलाइन में हिस्सेदारी खरीदने को लेकर पिछले सप्ताह प्रारंभिक बोलियां लगायी। बोली जमा करने की समयसीमा 14 दिसंबर को समाप्त हुई। एयर इंडिया के 200 से अधिक कर्मचारियों के समूह ने भी इंटरअप्स के साथ मिलकर रूचि पत्र (ईओआई) जमा किया है। एक अधिकारी ने कहा, ''सौदा परामर्शदाता छह जनवरी को पात्र बोलीदाताओं को सूचित करेंगे। उसके बाद बोलीदाताओं को एयर इंडिया की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी से जुड़े आंकड़ें उपलब्ध कराये जाएंगे।'' अधिकारी ने कहा, ''शेयर खरीद समझौता बोलीदाताओं के साथ साझा किया जाएगा। उसके बाद वित्तीय बोलियां आमंत्रित की जाएंगी।'' उसने पीटीआई–से कहा, ''सौदा अगले वित्त वर्ष में पूरा होगा क्योंकि हमारा अनुमान है कि बोलीदाताओं को आंकड़ों (वर्चुअल डाटा रूम) तक पहुंच और वित्तीय बोली जमा करने से पहले कई सवाल होंगे।'' सरकार एयर इंडिया में अपनी पूरी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है। कंपनी 2007 में घरेलू एयरलाइन इंडियन एयरलाइंस के विलय के बाद से घाटे में है। हिस्सेदारी बिक्री प्रक्रिया में कोविड–19 महामारी के कारण देरी हुई है और सरकार एयरलाइन के लिये प्रारंभिक बोली लगाने को लेकर समयसीमा पांच बार बढ़ा चुकी है। सरकार 2017 से एयर इंडिया को बेचने का प्रयास कर रही है।

## कोलोन विश्व कपः सिमरनजीत, मनीष और अमित पंघाल को मिला स्वर्ण

*भारत ने कोलोन मुक्केबाजी विश्व कप में तीन स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते और वह संपूर्ण तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।*

नयी दिल्ली। भारतीय महिला मुक्केबाज सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) और मनीष (57 किग्रा) ने जर्मनी में कोलोन मुक्केबाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीते। मनीष ने हमवतन साक्षी को 3–2 से हराया जबकि सिमरनजीत ने जर्मनी की माया किलिहान्स को 4–1 से पराजित करके खिताब जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते और वह संपूर्ण तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। शनिवार को पुरुष वर्ग में अमित पंघाल (52 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीता था। उन्हें फाइनल में वाकओवर मिला। अनुभवी सतीश कुमार (91 किग्रा से अधिक) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा क्योंकि चोट के कारण वह फाइनल खेलने के लिये रिंग पर नहीं उतर पाये। सोनिया लाठेर (57 किग्रा), पूजा रानी (75 किग्रा) गौरव सोलंकी (57 किग्रा) और मोहम्मद हसमुद्दीन (57 किग्रा) ने अपने अपने भार वर्गों में कांस्य पदक जीते। इस प्रतियोगिता में मेजबान जर्मनी और भारत के अलावा बेल्जियम, क्रोएशिया, डेनमार्क, फ्रांस, मोलदोवा, नीदरलैंड, पोलैंड और उक्रेन के मुक्केबाजों ने भी हिस्सा लिया था।



## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अगले तीन महीनों में जुटाएंगे 25,000 करोड़ रुपएरू वित्तीय सेवा सचिव

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्ज मांग के समर्थन और नियामकीय जरूरतों को पूरा करने के लिये अगले तीन महीनों में इक्विटी शेयर और बांड के जरिये करीब 25,000 रुपये पूंजी जुटाने की योजना बना रहे हैं। वित्तीय सेवा सचिव देबाशीष पांड ने बातचीत में कहा कि पिछले कुछ महीनों में भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बाजार से 40,000 करोड़ रुपये जुटाये हैं। उन्होंने कहा, ''बैंक बाजार से पूंजी जुटाने में सक्षम रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 40,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाये हैं। यह पूंजी इक्विटी शेयर और एटी 1 (अतिरिक्त टियर–1) और टियर दो (बांड) के जरिये जुटायी गयी। हम चालू वित्त वर्ष की शेष अवधि में 20,000 से 25,000 करोड़ रुपये की पूंजी और जुटाने की उम्मीद कर रहे हैं।'' इस महीने की शुरूआत में, केनरा बैंक ने 2,000 करोड़ रुपये जबकि पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,788.04 करोड़ रुपये जुटाये। इसके अलावा सरकार ने चालू वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 20,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली है। इसमें से वित्त मंत्रालय ने 5,500 करोड़ रुपये पंजाब एंड सिंधा बैंक को नियामकीय जरूरतों को पूरा करने के लिये दिये। सरकार ने तरजीही आधार पर इक्विटी शेयर आबंटन के जरिये पूंजी डाले जाने को मंजूरी दी। वित्त वर्ष2019–20 में सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के इरादे से कर्ज मांग को पूरा करने के लिये बैंकों में 70,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली थी। बैंकों की वित्तीय स्थिति के बारे में पांडा ने कहा कि पिछली तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से 11 लाभ में रहें। उन्होंने कहा कि बैंकों का एनपीए (गैर–निष्पादित परिसंपत्ति) उल्लेखनीय रूप से कम हुआ है और इससे प्रावधान दायरा अनुपात भी कम हुआ है।

## शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.25 लाख करोड़ बढ़ा

बाजार हैसियत के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष स्थान पर बनी रही। उसके बाद क्रमशरू टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि., इन्फोसिस, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय एयरटेल का स्थान रहा।

नयी दिल्ली। बाजार में मजबूत रुख के बीच देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह 1,25,229.25 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। एचडीएफसी, टीसीएस और बजाज फाइनेंस सर्वाधिक लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 861.68 अंक यानी 1.86 प्रतिशत मजबूत हुआ। केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. और हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आयी। जबकि एचडीएफस बैंक, इन्फोसिस समेत शेष आठ कंपनियों की बाजार हैसियत बढ़ी है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 29,700.13 करोड़ रुपये उछलकर 10,74,157.65 करोड़ रुपये पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 24,642.81 करोड़ रुपये बढ़कर 3,16,481.88 करोड़ रुपये पहुंच गया। वहीं एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 15,996.69 करोड़ रुपये बढ़कर 7,77,119.60 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का एमकैप 11,376.62 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,06,777.66 करोड़ रुपये पर आ गया। कोटक महिंद्रा बैंक की बाजार हैसियत 5,622.59 करोड़ रुपये बढ़कर 3,85,870.02 करोड़ रुपये जबकि भारती एयरटेल का एमकैप 3,573.39 करोड़ रुपये बढ़कर 2,78,560.76 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 1,324.16 करोड़ रुपये बढ़कर 3,56,853.67 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके उलट, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 9,868.14 करोड़ रुपये घटकर 5,47,846.03 करोड़ रुपये तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप 8,463.15 करोड़ रुपये कम होकर 12,62,975.08 करोड़ रुपये पर आ गया। बाजार हैसियत के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष स्थान पर बनी रही। उसके बाद क्रमशरू टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि., इन्फोसिस, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय एयरटेल का स्थान रहा।




## संक्षिप्त



### क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दागे दो शानदार गोल, युवेंटस ने पार्मा को 4–0 से दी करारी शिकस्त

मिलान। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने हाल की आलोचनाओं का करारा जवाब देकर दो गोल दागे जिससे युवेंटस ने शनिवार को यहां इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में पार्मा को 4–0 से करारी शिकस्त दी। देजान कुलुसेवस्की ने अपने पुराने क्लब के खिलाफ युवेंटस की तरफ से पहला गोल किया। इस जीत से नौ बार का मौजूदा चौंपियन युवेंटस अंकतालिका में इंटर मिलान की बराबरी पर पहुंच गया है। ये दोनों टीमें शीर्ष पर चल रहे एसी मिलान से एक अंक पीछे हैं। युवेंटस ने सेरी ए में अपने 12 मैचों में से आधे मैच ड्रा खेले थे। इस दौरान रोनाल्डो अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाये थे जिसके कारण उनकी आलोचना हो रही थी। कुलुसेवस्की के 23वें मिनट में गोल करने के बाद रोनाल्डो ने 26वें और 48वें मिनट में गोल करके अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया। टीम की तरफ से आखिरी गोल अलवारो मोराटा ने 85वें मिनट में किया। अन्य मैचों में सांपडोरिया ने क्रोटोन को 3–1 से पराजित किया जबकि फियोरेनटिना ने हेलास वेरोना को 1–1 से ड्रा पर रोका।

### विश्व जूनियर हॉकी में जर्मनी के आठ खिलाड़ी पॉजिटिव, IIHF ने दिया ये आदेश

एडमंटन (कनाडा)। अंतरराष्ट्रीय आइस हॉकी महासंघ (आईआईएचएफ) ने कहा है कि विश्व जूनियर हॉकी चौंपियनशिप में भाग ले रही जर्मनी की टीम के आठ खिलाड़ियों को एडमंटन में जैव सुरक्षित वातावरण में कोविड–19 के लिये पॉजीटिव पाया गया है। महासंघ ने कहा कि जर्मन खिलाड़ी गुरुवार तक पृथकवास पर रहेंगे। जर्मनी को 25 दिसंबर को फिनलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलना था। आईआईएचएफ ने इसके साथ ही कहा कि स्वीडन टीम के स्टाफ के दो सदस्यों का परीक्षण भी पॉजीटिव आया है। वे सोमवार तक पृथकवास पर रहेंगे। स्वीडन को सोमवार को कनाडा के खिलाफ प्रदर्शनी मैच खेलना है।

### स्पेनिश फुटबॉल लीगः एथलेटिक बिलबाओ ने हुएस्का को 2–0 से हराया

बिलबाओ। एथलेटिक बिलबाओ ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में हुएस्का को 2–0 से हराकर उसे अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर पहुंचा दिया। दोनों टीमें 86 मिनट तक गोलरहित बराबरी पर थी। बिलबाओ के केनन कोड्रो ने पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलायी। उनाइ नुनेज ने इसके बाद इंजुरी टाइम में जोन मोर्सिलो के क्रास पर हेडर से गोल करके स्कोर 2–0 कर दिया। इस जीत से एथलेटिक के 14 मैचों में 17 अंक हो गये हैं और वह नौवें स्थान पर पहुंच गया है। हुएस्का के 14 मैचों में 11 अंक हैं और 20वें स्थान पर खिसक गया है।

### होंडा ने ग्रेटर नोएडा संयंत्र में उत्पादन रोका

नयी दिल्ली होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित संयंत्र में उत्पादन रोक दिया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जापान की होंडा मोटर कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाले इस संयंत्र की स्थापना 1997 में की गयी थी। उद्योग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अपनी कारों का उत्पादन यहां भले रोक दिया है। लेकिन उसका कॉरपोरेट मुख्यालय, कलपुर्जा विभाग और शोध एवं विकास (आरएंडडी) विभाग समेत अन्य कामकाज होता रहेगा। हालांकि उत्पादन रोके जाने को लेकर कंपनी ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। सूत्रों ने कहा कि फिलहाल कंपनी अपनी संपूर्ण वाहन श्रृंखला के लिए राजस्थान के टापुकड़ा संयंत्र पर निर्भर करेगी। होंडा कार्स ने इस साल की शुरुआत में इस संयंत्र से जुड़े लोगों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) पेश की थी, ताकि संयंत्र की उत्पादकता और क्षमता बढ़ायी जा सके। ग्रेटर नोएडा संयंत्र में कंपनी सिटी, सीआर–वी और सिविक मॉडल का उत्पादन करती है। यहां सालाना एक लाख वाहन का उत्पादन हो सकता है। टापुकड़ा संयंत्र की क्षमता 1.8 लाख वाहन सालाना है।

### मोदी ने देश के विकास में टाटा समूह के योगदान को सराहा

नयी दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास में टाटा समूह के योगदान की शनिवार को सराहना की। उद्योग मंडल एसोचौम के संस्थापना सप्ताह 2020 कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि पिछले 100 साल में उद्योग चौंबर ने देश की आजादी के संघर्ष समेत भारत के विकास में कई उतार–चढ़ाव देखें होंगे। टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा को 'एसोचौम एंटरप्राइज ऑफ द सेंचुरी अवार्ड' देने के बाद मोदी ने कहा देश के विकास में टाटा समूह ने अहम भूमिका अदा की है।'' टाटा को यह पुरस्कार देश की प्रगति में उनके योगदान के लिए दिया गया। कार्यक्रम में रतन टाटा ने कोविड–19 महामारी जैसे मुश्किल समय में देश का नेतृत्व करने के लिए मोदी का धन्यवाद किया। साथ ही उद्योग को उनके मजबूत नेतृत्व का लाभ लेने की उम्मीद भी जतायी। टाटा ने कहा, एक समय होगा जब असंतोष होगा, विरोध भी होगा, लेकिन आप उससे कभी भी भाग नहीं सकते। आप (जनता) लॉकडाउन चाहते थे, आपको लॉकडाउन मिला। आपने (मोदी) ने लोगों को कुछ मिनटों के लिए बत्तियां बंद करने और दिए जलाने के लिए प्रेरित किया। आपने इसे करके दिखाया।'' उन्होंने कहा, यह कोई चमत्कार नहीं है, यह कोई दिखावा नहीं है। इसने देश को साथ लाने का काम किया और दिखाया कि हम आपके साथ खड़े हो सकते हैं और आपके द्वारा हमारे लिए तय किए गए लक्ष्यों को लेकर अपने कठिन प्रयास कर सकते हैं।'' टाटा ने कहा, उद्योग के तौर पर अब यह हमारा काम है कि आपका (मोदी) का अनुसरण करें और आपके नेतृत्व का लाभ उठाएं जिसके बारे में मुझे विश्वास है कि हम करेंगे।

## सम्पादकीय........

### भाजपा के लिए मददगार ओवैसी?

बिहार चुनाव में आंशिक सफलता के बाद एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी यूपी और बंगाल में अपने पॉव फैलाने की कोशिश शुरू कर चुके है। ओवैसी के अगले कदम भाजपा के लिए कितने मददगार साबित होगे इसका अनुमान हाल ही में बिहार के विधानसभा चुनाव और हैदराबाद नगर निगम के चुनाव में दिखाई पड़ चुके है। केन्द्र सरकार की जनता से जुड़ी तमाम अनदेखी और बेरोजगारी, मंहगाई जैसी तमाम मूलभूत दिक्कतों के बावजूद जहॉ भाजपा ने बिहार में अपनी सरकार बनाई वही ओबैसी के गढ़ कहे जाने वाले हैदराबाद के नगर निगम चुनाव में जबरदस्त प्रदर्शन किया। ऐसे में इस बॉत का नकारा नही जा सकता कि ओवैसी द्वारा अपनी ही कोम के लोगों को भाजपा को वोट देने पर छक्का कहा जाना या अन्य तरह की दुहाई देने, हिन्दुओं के खिलाफ आग उलगने से फायदा भाजपा को ही होगा। आने वाले समय में एमआईएम जिस जिस चुनाव में कूदेगी वहॉ वह भाजपा के ध्रुव्रीकरण के लिए मददगार साबित होगी।यही कारण है कि ओवैसी द्वारा भाजपा केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री तक के बारे में कई बार अभद्र टिप्पणी करने पर भी भाजपा ने ऐसा विरोध नही किया जो भाजपा को तथा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को करना चाहिए था। बिहार की कामयाबी के बाद एमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी अब यूपी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने आज सुहेलदेव राजभर पार्टी यानी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से गठबंधन कर लिया है और शिवपाल यादव से बात करना चाहते हैं। चर्चा तो यह भी है कि उनका बसपा से गठबंधन होगा लेकिन फिलहाल उन्होंने इससे इनकार किया है.बिहार में पांच सीटें जीतने के बाद एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ) की छवि में बड़ा बदलाव हो सकता है। अब वो सिर्फ वोट कटवा, भाजपा की बी टीम या कट्टर मुस्लिम राजनीतिज्ञ की पहचान से बाहर आकर भारतीय राजनीति का बड़ा फैक्टर बन सकते हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले वक्त मे ओवैसी या तो भाजपा के बड़े मददगार साबित होंगे या फिर भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बन जायेंगे। अब बॉत ओबैसी को लेकर पश्चिमबंगाल की करे तो ओबैसी की दस्तक से मुस्लिमों के सहारे सत्ता पाने वाली ममता बनर्जी भी परेशान है। उन्हें भी पता है कि अगर ओबैसी ने बंगाल में अपने प्रत्याशी उतारे तो भाजपा को पूर्ण बहुमत सरकार बनाने में कोई रोकटोक न होगी। गत दिवस ओबैसी और ममता के बीच की यह बयानबाजी इसका प्रमाण है। ममता बनर्जी ने अपने एक बयान में ओवैसी की पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा था कि बीजेपी श्मुस्लिम वोट बांटने को हैदराबाद से एक पार्टी लाने के लिए करोड़ों खर्च कर रही है। उनके इसी बयान पर ओवैसी ने बीते बुधवार को भड़कते हुए ट्वीट कर जवाब दिया है। ''ऐसा कभी कोई पैदा नहीं हुआ है जो असदुद्दीन ओवैसी को पैसों से खरीद ले उन्होंने कहा कि मुस्लिम वोटर्स ममता बनर्जी की जागीर नहीं है। अगले साल पश्चिम बंगाल और इसके बाद यपी में होने वाले विधानसभा चुनावों में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के लड़ने की घोषणा के बाद इन दो राज्यों में राजनैतिक हलचल तेज हुई है। यदि एआईएमआईएम का गठबंधन बसपा जैसे संगठन से हो जाता है और मुस्लिम–दलित समाज को जोड़ने की सियासत सफल हो जाये तो ये भाजपा के लिए बड़ा खतरा हो सकता है. भारतीय सियासत का ये बड़ा प्रयोग एआईएमआईएम और बसपा जैसे दलों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता दिलवा सकता है।

## आज का राशिफल

मेष :– महत्वपूर्ण कायरें के प्रति समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन केंद्रित होगा। नई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनेंगी किंतु समुचित साधन न होने से पूर्ति में अवरोध होगा। पुराने संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

बृषभ :– अत्याधिक कर्जभार से मन परेशान होगा। कुछ नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। रोजगार में व्यस्तता संभव। अत्याधिक पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी।

मिथुन :– महत्वपूर्ण दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। नई दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। कानूनी मामलों में कठिनाइयां संभव। तामसिक विचारें पर नियंतण्ररखें।

कर्क :– नये संबंधों के साथ आपकी सहज घुलसशीलता प्रशंसनीय है। कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने का प्रयत्न करें। बिना वजह दूसरों की अलोचना न करें। आलस्य कतई न करें।

सिंह :– सगे–संबंधियों के सहयोग से उत्साह का संचार होगा। किसी रचनात्मक कार्य के प्रति रुचि पैदा होगी। पुराने संबंधों के भावनात्मक स्मरण से मन भावुक होगा। राजकीय क्षेत्र कुछ परिवर्तन के आसार बनेंगे।

कन्या :– आलस्य निजी महत्वपूर्ण दावित्वों की पूर्ति में बाधक होगा। मानसिक अवसाद व कार्य–पेशे में अरुचि से आर्थिक संकट की आशंका बनेगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

तुला :– अच्छी कल्पनाएं मन पर प्रभावी होंगी परन्तु अपने मन को लक्ष्य से न भटकने दें। व्यावसायिक क्षेत्र में संबंधों का लाभ उठाएंगे। शिक्षा–प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न तीव्र होगा।

वृश्चिक :– कार्य–पेशे में कुछ नई तब्दीली रुचिकर लगेगी। वर्तमान स्थिति को देखते हुए भविष्य की चिंता बढ़ेगी फिर भी कुछ नये आसार आत्मबल में वृद्धि करेंगे। घर में खुशहाली रहेगी।

धनु :– उच्चस्तरीय लोगों के सानिध्य से मनोबल मजबूत होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। शासन–सत्ता से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। भौतिक सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी।

मकर :– आर्थिक सबलता हेतु मन नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कोई अचल सम्पत्ति संबंधी तनाव मन को चिंतित करेगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जरूरी कायरे में कतई देरी न करें।

कुंभ :– पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। अच्छी सोच का लाभ प्राप्त करेंगे। परिजनों के सुख–दुख के प्रति मन में चिंता होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य के प्रति चिंताएं समाप्त होंगी।

मीन :– समय व स्थिति के साथ अपने स्वभाव में थोड़ा लचीलापन लाने का प्रयास करें।

# जिंदगी से हारेगी महामारी

**एजेन्सी**

*इसी दौरान चीन के कुछ और प्रांतों से खौफनाक तस्वीरें सामने आने लगीं। वहां लोगों की मौत का आंकड़ा बढ़ता गया। आरोप तो ये भी लगे कि चीन सरकार मामले को दबा रही है और मौत के आंकड़ों को छिपा रही है। फिर उस पर वायरस फैलाने के आरोप भी लगने लगे। इसके बाद वायरस फैलने के वैज्ञानिक कारणों पर भी खूब चर्चा होने लगी। चीन तक सीमित वायरस पांच–छरू देशों तक फैल गया। धीरे–धीरे मौत के बढ़ते खतरनाक आंकड़े सामने आने लगे और अब जबकि यह साल बीत रहा है, अकेले भारत में ही करीब एक लाख 45 हजार लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और संक्रमितों की कुल संख्या एक करोड़ पहुंच गयी। हालांकि गनीमत है कि एक्टिव केस कम हैं और ठीक होने की संख्या अच्छी है। इस वायरस की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है।*

कोरोना, कोविड–19, महामारी, संक्रमण, क्वारंटीन, आइसोलशन, सेनेटाइज, मास्क, रेड जोन, कंटेनमेंट एरिया, सोशल डिस्टेंसिंग, मौत, लॉकडाउन। प्रवासी मजदूर ... वगैरह–वगैरह। ऐसे ही अनेक शब्द साल 2020 में लगातार सुनने को मिले। स्थिति सुधरने की उम्मीद में पूरा साल गुजर गया। अब एक सुखद अहसास इस बात का है कि महामारी के फैलने या इससे संक्रमित होकर जान गंवाने की खबरों से ज्यादा इस बात की चर्चाएं हो रही हैं कि वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया क्या हो। कुछ कंपनियों ने आपातकाल में वैक्सीन के इस्तेमाल की मंजूरी मांगी है और उन्हें मिल भी गयी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि नये साल में खौफ का माहौल पहले जैसा नहीं होगा और आम जनजीवन की दुश्वारियां कम होंगी। आर्थिकी पटरी पर लौटेगी और सुरक्षित पर्यटन शुरू होगा ताकि अर्थ का पहिया चारों ओर घूम सके। खेलों के आयोजन भी निर्बाध होंगे। असल में साल 2019 खत्म–खत्म होते–होते इस बीमारी की शुरुआत हो चुकी थी। चीन में कुछ मामले सामने आ चुके थे। भारत समेत अनेक देशों ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी करनी शुरू कर दी थी। हालांकि शुरू में कई देशों को लगा कि मामला इतना खौफनाक है नहीं, जितना प्रचारित किया जा रहा है। इस बीच, साल 2020 शुरू हुआ तो कई देशों में कोरोना के मरीज पाए जाने की खबरें सुर्खियां बनने लगीं। भारत में जनवरी के तीसरे सप्ताह में केरल में एक छात्र को कोरोना होने की पुष्टि हो गयी। यह छात्र चीन के वुहान विश्वविद्यालय में अध्ययनरत था। भारत में पहला केस आते ही सरकार सकते में आ गयी। लोगों में भी खौफ घर करने लगा। इसके बाद 28 जनवरी तक भारत के लगभग 450 लोगों को निगरानी में रखने की बात सामने आयी। तब तक यही कहा जा रहा था कि कोरोना के मामले फिलहाल केरल में ही हैं। शुरू में चीन से लौटे लोगों के खून के नमूने पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए। उस वक्त कोई भी नमूना पॉजिटिव नहीं आया। साल 2020 का पहला महीना बीत गया और कोरोना को लेकर वैश्विक स्तर पर सियासत शुरू हो गयी। इस बीच, भारत सरकार ने चीन से लौट रहे लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की। साथ ही हवाई अड्डों पर थर्मल स्क्रीनिंग शुरू की गयी। इसी दौरान चीन के कुछ और प्रांतों से खौफनाक तस्वीरें सामने आने लगीं। वहां लोगों की मौत का आंकड़ा बढ़ता गया। आरोप तो ये भी लगे कि चीन सरकार मामले को दबा रही है और मौत के आंकड़ों को छिपा रही है। फिर उस पर वायरस फैलाने के आरोप भी लगने लगे। इसके बाद वायरस फैलने के वैज्ञानिक कारणों पर भी खूब चर्चा होने लगी। चीन तक सीमित वायरस पांच–छरू देशों तक फैल गया। धीरे–धीरे मौत के बढ़ते खतरनाक आंकड़े सामने आने लगे और अब जबकि यह साल बीत रहा है, अकेले भारत में ही करीब एक लाख 45 हजार लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और संक्रमितों की कुल संख्या एक करोड़ पहुंच गयी। हालांकि गनीमत है कि एक्टिव केस कम हैं और ठीक होने की संख्या अच्छी है। इस वायरस की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनियाभर में एक करोड़ से अधिक लोगों की मौत हो गयी और 7 करोड़ से अधिक संक्रमित हैं। कोरोना ने पूरे साल को इस तरह से घेरा कि कॉलेज जाने वाले बच्चों के लिए न तो वेलकम पार्टी हुई और न ही बोर्ड या सेशन की अंतिम परीक्षा देने वालों की फेयरवेल पार्टी। यही नहीं कार्यालयों में भी रिटायर हो रहे लोगों के सम्मान में कोई आयोजन नहीं हो सका। करिअर की दहलीज पर खड़े बच्चों ने भयावह दंश झेला। किसी का प्लेसमेंट हो गया, लेकिन जॉब के लिए कंपनियों ने रुक जाने को कह दिया। किसी को कहीं से ऑफर का इंतजार था जो बहुत लंबा हो गया। ऐसे लोगों को अब इंतजार है कि नये साल में स्थितियां सुधरें और उनके करिअर को भी रफ्तार मिले। गनीमत है कि लॉकडाउन से पहले–पहले बोर्ड की परीक्षाएं लगभग हो चुकी थीं। कुछ पेपर रह गये थे, जिनके अंक पुराने परफोरमेंस के आधार पर दिये गये। होली के बाद से जो स्कूल बंद हुए, अब तक नहीं खुले। हालांकि बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए कई जगह स्कूल खोलने की पहल हुई, लेकिन यह पहल बाद में कारगर नहीं हो पाई क्योंकि कुछ बच्चे एवं टीचर कोरोना संक्रमित पाए गए। छोटे बच्चों को शुरू–शुरू में तो छुट्टी का अहसास हुआ। फिर ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हुई। कुछ दिन नयापन लगा, किसी ने एंजॉय किया और किसी ने सीखने की कोशिश की। लेकिन दूर–दराज के इलाकों में रहने वाले बच्चों को बहुत दिक्कत आयी और उनकी पढ़ाई लगभग ठप हो गयी। कहीं नेटवर्क की दिक्कत, कई जगह बच्चों के पास स्मार्ट फोन न होने की समस्या। खैर किसी तरह पढ़ाई का इंतजाम हुआ, लेकिन देखते–देखते इस व्यवस्था से बच्चे बोर हो गये। ज्यादातर बच्चे स्कूल के माहौल को 'मिस' करने लगे। इसके अलावा घर में बैठे–बैठे बच्चों के साथ कई अन्य तरह की दिक्कतें भी आईं। सरकारी रिपोर्ट में भी यह स्वीकारा गया कि बच्चों के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़े हैं। कहा गया कि घर में ही रहने के कारण तनाव का वातावरण बढ़ा। बच्चे खेलने न जा पाने के कारण जिद्दी हो गये। कई अभिभावकों की नौकरी चली गयी, इसके कारण भी बच्चों पर हिंसा बढ़ी। यही नहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग के मुताबिक महिलाओं के प्रति भी घरेलू हिंसा के मामलों में बढ़ोतरी हुई। महिला आयोग ने लॉकडाउन के दौरान ही व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया, जिसमें महिलाएं हिंसा की शिकायतें कर सकें। जानकारों के मुताबिक ज्यादातर महिलाएं शिकायत भी नहीं कर पायीं। हालिया रिपोर्ट के मुताबिक कई महिलाओं को अनचाहे गर्भ का दंश भी झेलना पड़ा। लॉकडाउन के दौरान किचन का नया अवतार देखने को मिला। घर–घर में नये–नये व्यंजन बनाने के प्रयोग शुरू हुए। जो चीजें लोग बाहर से खरीदकर लाते थे, उन्हें भी घर में ही बनाया जाने लगा। इनमें जलेबी, मिठाई, समोसे, गोलगप्पे से लेकर खाने–पीने की सभी चीजें शामिल रहीं। कुछ महिलाओं ने यूट्यूब चौनल भी शुरू कर दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक यूट्यूब पर सबसे ज्यादा रेसिपी ही सर्च की गयी। इसके बाद बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई। हर बात को भुनाने में माहिर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यहां भी कहां चूकने वाला था। लॉकडाउन के दौरान हास–परिहास का खूब दौर चला। सोशल साइट्स पर चले चुटकुलों में चंद पर गौर फरमाएं– (1) पहले घर में कहा जाता था–सो जाओ, सुबह जल्दी उठकर ऑफिस जाना है और अब कह रहे हैं–सो जाओ, सुबह जल्दी उठकर बर्तन धोना, झाड़ू–पोछा भी करना है। (2) राजू फोन पर अपने दोस्त सोनू से–लॉकडाउन के कारण 5 दिन से घर पर बैठा हूं, पत्नी कई बार बोल चुकी है–पता नहीं यह बीमारी कब जाएगी? समझ नहीं आता कि वह मुझे बोल रही है या कोरोना को? (3) चाट की दुकान पर एक महिला बोली–भैया गोलगप्पे में आजकल वो स्वाद नहीं आ रहा, मैडम जी जब हम इतनी बार हाथ धोएंगे तो वो स्वाद थोड़ी आएगा–गोलगप्पे वाला मासूमियत से बोला। (4) बाहर पुलिस का डंडा, घर में बीबी की जुबान, चाइना वालो तुमको माफ नहीं करेगा हिंदुस्तान। (5) किसी ने मुझसे पूछा–घर में बैठे–बैठे क्या कर रहे हो? मैंने कहा–एक्सपोर्ट–इम्पोर्ट का बिजनेस। उसने पूछा–वो कैसे? मैं बोला–इस ग्रुप का पोस्ट उस ग्रुप में। उस ग्रुप का पोस्ट इस ग्रुप में। (6) किसी ने सोचा था कि अपने ही अपार्टमेंट में घुसने से पहले डॉक्टर को गार्ड से टेंपरेचर नपवाना पड़ेगा। इन जोक्स के अलावा लोगों ने भावुक पोस्ट भी डालीं जिनमें फ्रंटलाइन वॉरियर्स के लिए बेहतरीन संदेश लिखा होता था।कोरोना काल आया तो हर क्षेत्र की तरह इसने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को भी प्रभावित किया। टीवी पर पुराने शो ही चले। दूरदर्शन पर पुराने धार्मिक सीरियल चल पड़े। थियेटर, मॉल, मल्टीप्लेक्स बंद होने से एक नया प्लेटफॉर्म सामने आया–ओटीटी (ओवर द टॉप)। असल में ओटीटी एक तरह के एप होते हैं जिसमें ये टेलीविजन कंटेंट एवं फिल्में दिखाई जाती हैं। इसके लिए ग्राहकों को इन ओटीटी प्लेटफॉर्म का सब्सक्रिप्शन लेना होता हैं। फिर उसमें वे जिस कंटेंट को देखना चाहते हैं वह देख सकते हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता सबसे पहले अमेरिका में बढ़ी थी, इसके बाद यह सभी जगह लोकप्रिय हो गया। इसका उपयोग मुख्य रूप से वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म्स, ऑडियो स्ट्रीमिंग, ओटीटी डिवाइसेस, वॉइसआईपी कॉल एवं कम्युनिकेशन चौनल मैसेजिंग आदि के लिए किया जाता है। पहले लॉकडाउन हटने का इंतजार कर रहे कई निर्माताओं ने बाद में ओटीटी पर ही अपनी फिल्मों को रिलीज किया। कई टीवी रियलिटी शोज में भी ऑनलाइन ऑडिशन इस दौरान हुए। इसका रेस्पांस भी अच्छा रहा। कई वेबसीरीज हिट रहीं। हालांकि अब इसके कंटेंट पर चिंता जताई जा रही है। अब सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसके तहत ऑनलाइन न्यूज पोर्टल, ऑनलाइन कॉन्टेंट प्रोवाइडरों को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत लाया गया है।

# कांग्रेस अर्थात देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय

**तनवीर जाफरी**

कांग्रेस पार्टी इस समय संकट के दौर से गुजर रही है। इसकी सबसे मुख्य वजह यही है कि सत्ता में न होने के चलते सत्ता के बिना राजनीति में घुटन महसूस करने वाले सत्तालोलुप,स्वार्थी व अवसरवादी नेताओं का किसी न किसी बहाने पार्टी छोड़ना। मौके की तलाश में लंबे समय से सत्ता के लिए संघर्षरत भारतीय जनता पार्टी का हाथ धोकर कांग्रेस के पीछे पड़ जाना भी कांग्रेस की कमजोरी का एक कारण है। विभिन्न राज्यों में कांग्रेस की सरकार गिराने व कमजोर करने में भाजपा कोई कसर बाकी नहीं रख रही है। चाहे कांग्रेस को बदनाम करने के लिये उसे मुसलमानों की पार्टी कहकर बदनाम करना हो,चाहे श्राम विरोधीश राजनैतिक दल बता कर हिन्दू जन भावनाओं को कांग्रेस के विरुद्ध करना हो,या फिर सत्ता के दबाव में सरकारी प्रतिष्ठानों का प्रयोग कर पार्टी नेताओं में भय पैदा करने की कोशिश हो,चाहे लोभ लालच देकर अपने पक्ष में लाना हो,भाजपा ने कांग्रेस को समाप्त करने के प्रयासों में हर जगह अपना महत्वपूर्ण किरदार निभाया है। जिसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि स्वयं प्रधानमंत्री सार्वजनिक मंचों से कई बार श्कांग्रेस मुक्त भारतश का नारा दे चुके हैं। जरा सोचिये जिस राजनैतिक संगठन के नेतृत्व में महात्मा गाँधी के नेतृत्व में देश की आजादी की लड़ाई लड़ी गयी हो,जिस संगठन ने देश की स्वतंत्रता के बाद लगभग 5 दशकों तक शासन कर देश को आत्मनिर्भरता के मार्ग पर ला खड़ा किया हो,जिस कांग्रेस के नेतृत्व में देश ने विश्व के सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित की हो,जिस पार्टी के गाँधी,पटेल व नेहरू जैसे अनेक नेता किसी भी क्षेत्र,भाषा,रंग,भेद,धर्म व जाति की सीमाओं से ऊपर उठकर सभी



देशवासियों को समान रूप से आदर व मान सम्मान देते रहे हों,जिस कांग्रेस पार्टी ने विपक्ष व विपक्षी दलों के नेताओं को हमेशा आदर,सत्कार,सम्मान व पूरा महत्व दिया हो देश के उस ऐतिहासिक राजनैतिक संगठन को देश के इतिहास से मिटाने की कोशिश की जा रही है। मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ व राजस्थान में विजयी होने वाला दल यदि बिहार में सफल नहीं हो पाता तो सोनिया व राहुल के नेतृत्व पर सवाल उठने लगते हैं। जो नेता आज सोनिया गाँधी व राहुल गाँधी के नेतृत्व पर सवाल खड़ा कर रहे हैं उन्हें कम से कम अपने जनाधार के बारे में तो जरूर सोचना चाहिए। कल तक खुशामद परस्त प्रवृति के यही लोग राजीव गाँधी को गलत मशविरे दिया करते थे। आज यदि देश सांप्रदायिक ताकतों के हाथों में चला गया है तो निश्चित रूप से इसके जिम्मेदार जहाँ देश के तथाकथित अनेक वे धर्मनिर्पेक्ष दल हैं जो समय समय पर भाजपा के साथ सत्ता की भागीदारी कर भाजपा को शक्तिशाली बनाते रहे वहीं कांग्रेस आला कमान के वे सलाहकार भी कम जिम्मेदार नहीं जो सांप्रदायिक शक्तियों के प्रसार को रोक पाने में अपनी सशक्त भूमिका नहीं निभा पाए। सांप्रदायिक शक्तियों के विरुद्ध अर्जुन सिंह,माधव राव सिंधिया,राजेश पॉयलट,दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं की बुलंद आवाज को पार्टी में उठने नहीं दिया गया। उधर अस्तित्व में आने के समय से ही कांग्रेस में अनेकानेक आस्तीन के सॉप भी पलते रहे। कोई पार्टी में सांप्रदायिक एजेंडा चलाता रहा तो कोई श्सत्ता दोहनश में लगा रहा। कुछ भ्रष्टाचार को ही अपनी सियासी जिन्दिगी का सरमाया समझ बैठे तो कुछ ने चाटुकारिता व खुशामद परस्ती को ही अपनी सफल राजनैतिक जीवन की कुंजी मान लिया। पार्टी के ऐसे ही दमघोंटू वातावरण ने अमिताभ बच्चन जैसे महानायक को 1987 में पार्टी व संसद की सदस्यता छोड़ने के लिए बाध्य किया। आज जो आधारहीन नेता पार्टी में पांच सितारा संस्कृति हावी होने की बात कर रहे हैं दरअसल स्वयं यही लोग पार्टी को पांच सितारा संस्कृति की ओर ले जाने के जिम्मेदार भी हैं और अपने गलत फैसलों व गलत मशविरों के कारण पार्टी को नुकसान पहुँचाने के भी। यही वे नेता हैं जिनकी सलाह पर इलाहाबाद में 1987 में अमिताभ बच्चन को विश्वनाथ प्रताप सिंह की चुनौती स्वीकार करने से रोका गया तथा 1987 के इलाहाबाद उपचुनाव में अमिताभ बच्चन को पुनः विश्वनाथ प्रताप सिंह के सामने खड़ा करने के बजाए सुनील शास्त्री जैसे बेहद कमजोर उमीदवार को मैदान में उतार कर वी पी सिंह के भविष्य का रास्ता साफ किया गया।कांग्रेस के पतन की शुरुआत तो दरअसल वहीँ से हुई थी। जबकि कथित रूप से श्बोफोर्स दलालीश के आरोपों के सहारे विपक्ष ने वी पी सिंह के कंधे पर बंदूक रख कांग्रेस को कमजोर,विभाजित व सत्ता से बेदखल करने का षड़यंत्र रचा था जिसे कॉंग्रेस की पांच सितारा राजनीति के महारथी न समझ सके न ही इससे स्वयं को बचा सके। देश में सांप्रदायिक शक्तियों तथा विचारों का प्रसार भी कांग्रेस के पतन का एक कारण है। भारतीय जनता पार्टी ने धर्म के नाम का इस्तेमाल कर एक ऐसा नरेटिव तैयार कर दिया है जिससे आम लोग सांप्रदायिक सद्भाव,धार्मिक व जातीय एकता,मंहगाई,बेरोजगारी,कानून व्यवस्था,शिक्षा,सड़क,स्वास्थ्य,बिजली पानी आदि अनेक बुनियादी जरूरतों के बारे में कुछ जानने व सुनने के गोया इच्छुक ही नहीं रहे। भाजपा ने उन्हें स्वाभिमान, हिंदुत्व,हिन्दू राष्ट्र,मंदिर,लव जिहाद, गौ रक्षा,संकीर्णता,स्थानों के नाम परिवर्तन,अल्पसंख्यक विरोध,कश्मीर,चीन,पाकिस्तान व आतंकवाद जैसे अनेक भावनात्मक मुद्दे दे दिए हैं। हालांकि इन मुद्दों का आम लोगों की रोजी रोटी या उनके जीवन यापन,तरक्की आदि से कोई वास्ता नहीं फिर भी चूँकि भाजपा इन्हीं मुद्दों के सहारे निरंतर आगे बढ़ती रही है इसलिए वह इन्हीं मुद्दों को अपनी जीत का मंत्र व सूत्र भी मानती है। ठीक इसके विपरीत कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों व जातियों को साथ लेकर चलने वाली,अल्पसंख्यकों का विशेष ध्यान रखने वाली,जिसे भाजपाई अपनी भाषा में तुष्टीकरण कहती है,सभी धर्मस्थानों को समान सत्कार देने वाली,धर्म व राजनीति में फासला बनाकर रखने का प्रयास करने वाली,कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी देशवासियों को भारतीयता के एक सूत्र में पिरोकर रखने का प्रयास करने वाली पार्टी रही है। स्वतंत्रता के बाद जहाँ कांग्रेस ने नंगल डैम जैसे अनेक बड़े बाँध व् बिजली घर बना कर देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर किया वहीँ 1971 में पाकिस्तान का विभाजन कर तथा बांग्लादेश के रूप में नए राष्ट्र का उदय कराकर अपनी शक्ति का भी दुनिया को लोहा मनवाया है। जिस कांग्रेस ने अपनी दौर–ए–हुकूमत में दशकों तक सांप्रदायिक शक्तियों को सिर उठाने का मौका नहीं दिया वे लोग आज भले ही कांग्रेस के पतन का जश्न मना रहे हों परन्तु वे यह भी जानते हैं कि जिस समय विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका, भारत को अपने सातवें युद्धक बेड़े से डरा रही थी और पाकिस्तान के पक्ष में खड़ी थी ठीक उसी समय इंदिरा गाँधी के नेतृत्व में भारतीय सेना विश्व के अब तक के सबसे बड़े सैन्य आत्मसमर्पण का इतिहास लिख रही थी।

देश का इतिहास व देश के लोग उस कांग्रेस पार्टी को फरामोश नहीं कर सकते जिसके नेतृत्व में देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय लिखा गया हो।

## ऑटो रिक्शा से उतरती दिखाई दीं सनी लियोनी, अभिनेत्री ने लिखा

# ट्रांसपोर्टेशन का सबसे बढ़िया तरीका



बिग बॉस शो करने के बाद बॉलीवुड सेंसेशन सनी लियोनी को एक नई पहचान मिली थी। बिग बॉस शो के बाद सनी लियोनी को टीवी के कई हिट शो में हॉस्ट करने का मौका मिला और उनकी एक अलग पहचान इंडस्ट्री में बनी। सनी लियोनी बॉलीवुड में अपनी अदायगी की मिसाल भी पेश कर चुकी हैं। हाल ही में सनी लियोनी एक ऑटो–रिक्शा से उतरते हुए नजर आईं और पैपराजी के कैमरे ने उन्हें कैप्चर कर लिया। लॉकडाउन के दौरान सनी लियोनी अपने पति और तीनों बच्चों के साथ अमेरिका के लॉस एंजिलेस में रह रही थी ताकि कोरोना वायरस से अपने परिवार को बचा सके। हाल ही में अभिनेत्री सनी लियोनी अपने परिवार के साथ वापस मुंबई लौटी हैं। पिछली रात सनी लियोनी बेहद आरामदायक कपड़ो में दिखाई दीं, मानो कहीं जाने के लिए जल्दी में हो। सनी लियोनी ने इस दौरान चेक डिजाइन में पजामा पहना हुआ था और अपना चेहरा एक स्कार्फ से ढका हुआ था। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट देखने के बाद सनी लियोनी ने इस पर कमेंट किया कि बेस्ट मोड ऑफ ट्रांसपोर्टेशन ।सनी लियोनी के कमेंट करने के तुरंत बाद उनके फैन्स इस वीडियो पर कमेंट करने लगे। एक यूजर ने लिखा कि वो काफी दयालु और खूबसूरत हैं। एक यूजर ने लिखा कि ये बहुत अच्छा व्यक्तित्व है। वहीं एक यूजर ने सनी लियोनी जमीन से जुड़ा इंसान बताया। मुंबई आने से पहले सनी लियोनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा था कि अब घर वापसी करने का समय आ गया है। सनी लियोनी ज्यादातर तो बोल्ड कपड़ों में ही स्पॉट होती हैं लेकिन उनका देसी लुक जिसमें अनारकली कुर्ते से लेकर लहंगे तक में तैयार होती हैं काफी इंप्रेसिव होते हैं। पिछले दिनों सनी ने अपने फैंस को दिवाली की भी विशेज दी थीं। जिसके लिए वो आइस ब्लू कलर के कुर्ते और पैंट में तैयार थीं। इस पर बैक एंड फ्रंट पर प्रिंट बने थे। वहीं मैचिंग के दुपट्टे पर लैस वर्क किया गया था जबकि हाई हील्स के साथ सनी हमेशा की तरह मिनिमम मेकअप में पोज देती दिख रही थीं ।वैसे सनी अपने फैंस को सरप्राईज देने के लिए ट्रेडिशनल कपड़ों में फोटोशूट करवाती हैं। पिछले साल दिवाली के मौके पर ग्रीन कलर के लहंगे में सनी का लुक काफी खूबसूरत नजर आ रहा था। सनी ने इस लुक ग्लैमरस टच देने के लिए लहंगे को ट्यूब टॉप के साथ पेयर किया था।

## तीसरे पर्दे पर चमक रहे हैं सैफ अली खान, सेक्रेड गेम्स के बाद अब 'तांडव' का शोर



सैफ अली खान को बॉलीवुड फिल्में करके वो तारीफ नहीं मिली जिसके वो हकदार थे। कुछ समय पर्दे से दूरी बनाने के बाद सैफ अली खान ने तीसरे पर्दे पर वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स से एंट्री की। सैफ के लिए ये ब्रेक काफी अच्छा रहा क्योंकि सेक्रेड गेम्स से सैफ ने काफी दमदार वापसी की। सैफ अली खान को बॉलीवुड फिल्में करके वो तारीफ नहीं मिली जिसके वो हकदार थे। कुछ समय पर्दे से दूरी बनाने के बाद सैफ अली खान ने तीसरे पर्दे पर वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स से एंट्री की। सैफ के लिए ये ब्रेक काफी अच्छा रहा क्योंकि सेक्रेड गेम्स से सैफ ने काफी दमदार वापसी की। सैफ की पुरानी एक्टिंग के मुकाबले सेक्रेड गेम्स में उनकी एक्टिंग काफी अच्छी थी। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड का कूल बॉय बनने वाली अपनी इमेज को तोड़ा और फिल्म तान्हा जी में नाकारात्मक रोल में नजर आये। फिल्म 2020 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनीं। फिल्म में अजय देवगन को सैफ ने कड़ी टक्कर दी। उन्होंने उदयभान सिंह का किरदार बहुत ही उम्दा निभाया। इससे पहले उन्होंने जवानी जानेमन में भी अच्छा काम किया था।  अब सैफ अली खान को लेकर एक बार फिर से सोशल मीडिया पर शोर हैं। सैफ अली खान की नयी वेब सीरीज श्तांडवश 15 जनवरी तो अमेजन प्राइम पर रिलीज होने वाली है। वेब सीरीज का टीजर रिलीज किया गया है जिसे काफी पसंद किया गया। सैफ को इस टीजर में नये अंदाज में देखा जा रहा है। सैफ इस बार तीसरे पर्दे पर राजनेता के रुप में नजर आने वाले हैं।

## कोरोना संक्रमण से मुक्त हुई कृति सेनन, 14 दिन बाद कोविड–19 रिपोर्ट आयी नेगिटिव



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपडेट किया था कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। कृति अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग के लिए चंडीगढ़ गयी थी। जहां से लौटने के बाद उन्होंने टेस्ट करवाया जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर

अपडेट किया था कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। कृति अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग के लिए चंडीगढ़ गयी थी। जहां से लौटने के बाद उन्होंने टेस्ट करवाया जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी। कृति ने घर में ही खुद को क्वारंटाइन किया था। अब 14 दिन बाद कृति ने सोशल मीडिया पर अपनी ताजा कोविड़ रिपोर्ट के बारे में बात करते हुए सूचित किया है कि वह कोविड 19 नेगिटिव हो गयी हैं। कृति सनोन  ने ट्विटर पर इसका खुलासा किया। उन्होंने अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं और उनके

डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ को ऐसे कठिन समय में उनकी मदद करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, ष्सभी को सूचित करने में खुशी हो रही कि मैंने आखिरकार ब्टप्क–19 के लिए नकारात्मक परीक्षण किया है! बीएमसीअधिकारियों के लिए एक बड़ा धन्यवाद, आदरणीय सहायक आयुक्त श्री विश्वास मटे और मेरे डॉक्टर को हर संभव सहायता के लिए धन्यवाद। आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद।

## नए लुक में दिखीं मोनालिसा









भोजपुरी स्टार और टीवी एक्ट्रेस मोनालिसा ने ब्लैक साड़ी में कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। मोनलिसा इन तस्वीरों में बेहद खूबसबरत नजर आ रही हैं ।मोनालिसा के इन फोटोज पर फैन्स उनके इस नए अंदाज की जमकर तरीफ की है। मोनलिसा भोजपुरी फिल्मों की स्टार मानी जाती है ।इससे पहले भी मोनालिसा नए–नए अंदाज में लगातार इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। मोनालिसा भोजपुरी की 100 से फिल्में कर चुकी हैं ।मोनालिसा इन दिनों अपने लुक को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान अपना 7 किलो वजन कम किया है। हाल के दिनों में वह नए टीवी शो श्नमक इश्क काश में अहम किरदार निभा रही हैं, जिसे उनके फैंस काफी पसंद कर रहें हैं ।मोनालिसा हाल ही में नजर नाम के शो में नजर आई थीं। जो लॉकडाउन और कोरोना के कारण बंद हो गया था। मोनालिसा ने भोजपुरी के लगभग हर सुपरस्टार खेसारी लाल यादव,पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ और रवि किशन के साथ काम किया है।



# गर्मा-गर्म स्नोमैन हॉट चॉकलेट



क्रिसमस के साथ ठंडे–ठंडे मौसम में कुछ ऐसा बनाने की सोच रहे हैं जो शरीर को गर्माहट दें तो स्नोमैन हॉट चॉकलेट आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। यह रेसिपी ना सिर्फ मेहमानों को पसंद आएगी बल्कि इससे सर्दी भी नहीं लगेगी। चलिए आपको बताते हैं इसे बनाने की आसान रेसिपी...

सामग्री– (सर्विंग–1)

डार्क चॉकलेट – 100 ग्राम

दूध – 500 मिलीलीटर

चीनी – 1 बड़ा चम्मच

व्हीप्ड क्रीम

मार्शमैलो – 40 ग्राम

चॉकलेट

विधिः

1. सबसे पहले एक पैन में 100 ग्राम डार्क चॉकलेट, 500 मिलीलीटर दूध डालकर अच्छी तरह पकाएं।
2. फिर इसमें चीनी डालकर कुछ देर उबालें।
3. मार्शमैलो लें और उसके ऊपर चॉकलेट फैलाएं।
4. स्नोमैन बॉडी बनाने के लिए उस पर एक और मार्शमॉलो डालें।
5. अब इसे चॉकलेट सिरप से कवर करके सजा दें।
6. चॉकलेट मिल्क डालें।
7. इसके ऊपर स्नोमैन रखकर व्हीप्ड क्रीम से गार्निश करें।
8. लीजिए आपकी स्नोमैन हॉट चॉकलेट बनकर तैयार है।



# इम्यूनिटी बूस्टर ब्रोकली-बादाम सूप

सर्दियों में शरीर को गर्म रखना हो या इम्यूनिटी बढ़ानी हो... होममेड सूप से हैल्दी ऑप्शन कुछ और हो ही नहीं सकती। आज हम आपके लिए स्वादिष्ट और पौष्टिक तत्वों से भरपूर ब्रोकली बादाम सूप की रेसिपी लाएं है, जिसे पीकर बड़ों से बच्चे तक खुश हो जाएंगे। चलिए आपको बताते हैं इसकी रेसिपी...

सामग्री–

ब्रोकली – 2 कप (कटी हुई)

लहसुन – 3–4 कलियां (बारीक कटा हुआ)

प्याज – 1 बारीक (कटा हुआ)

दूध – 1 कप

नमक – स्वादानुसार

बादाम – ( कप

काली मिर्च – 1 टीस्पून

ऑलिव ऑयल – 1 टीस्पून

विधि–

1. बादाम को पहले ही 10 मिनट तक पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद उसके छिलके निकाल दें।
2. पैन में तेल गर्म करके लहसुन, प्याज को गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें।
3. इसमें ब्रोकली डालकर 1 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। फिर इसमें नमक डालकर 3–4 मिनट तक पकने दें।
5. जब ब्रोकली पक जाए तो उसे ठंडा करें। फिर ब्रोकली और बादाम को मिक्सी में पीसकर स्मूद पेस्ट बना लें।
6. नॉनस्टिक पैन को गर्म करके ब्रोकली–बादाम पेस्ट और दूध को एक उबाल आने तक पकाएं।
7. अब इसके ऊपर स्वादानुसार नमक व काली मिर्च डालें।
8. लीजिए आपका ब्रोकली–बादाम सूप बनकर तैयार है। इसे क्रीम के साथ गार्निश करके गर्मा–गर्म सर्व करें।

# इन देसी चीजों से रखें सर्दियों में भी चेहरे का गुलाबी निखार बरकरार



सर्दियों में जहां ठंडी–ठंडी हवा में घूमना अच्छा लगता है। वहीं इसके कारण त्वचा में रूखापन, खुजली होने के साथ चेहरे का निखार खोने लगता है। ऐसे में अगर आप भी इन सम्सयाओं से परेशान है तो चलिए आज हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताते हैं। इन्हें अपनाने से त्वचा की गहराई से सफाई होने के साथ नमी बरकरार रखने में मदद मिलेगी। साथ ही चेहरे की रंगत निखर कर गुलाबी निखार आएगा। तो आइए जानते हैं उन देसी उपायों के बारे में...

दूध

विटामिन डी, कैल्शियम, एंटी–ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर दूधा स्किन को पोषित करने के साथ नमी बनाएं रखने में मदद है। ऐसे में साफ, निखरी व गुलाबी त्वचा मिलती है। इसे लगाने के लिए आप दूध को बेसन, चंदन, मुलतानी मिट्टी आदि चीजों में मिलाकर लगा सकती है। इसके अलावा रोजाना 1 छोटा चम्मच कच्चा दूध लेकर उसकी चेहरे पर मसाज करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ने के साथ त्वचा की गहराई से सफाई होती है।

जैतून तेल

स्किन के लिए जैतून तेल बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–एजिंग गुण त्वचा की मृत कोशिकाओं को साफ करके नई स्किन दिलाने में मदद करता है। ऐसे में त्वचा का रूखापन दूर होने के साथ साफ, निखरी, मुलायम स्किन मिलती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए रोजाना सोने से पहले जैतून तेल की कुछ बूंदों से चेहरे व गर्दन की मसाज करें। फिर तौलियों को गर्म पानी में भिगोकर उससे 5–7 मिनट तक चेहरे को भांप दें। बाद में सूखे तौलिए से इसे साफ कर लें। इससे स्किन पोर्स खुलकर गहराई से साफ होंगे। साथ ही दाग–धब्बे, कील–मुंहासे, झाइयां, झुर्रियां दूर होकर स्किन जवां नजर आएगी।

हल्दी

हल्दी में एंटी–एजिंग, एंटी–बैक्टीरियल व औषधीय गुण होते हैं। ऐसे में इसका पैक बनाकर लगाने से स्किन को गहराई से पोषण मिलने के साथ चेहरे की रंगत निखरने में मदद मिलती है। डेड स्किन सेल्स रिमूव होकर नई त्वचा आती है। साथ ही चेहरे पर पड़े दाग–धब्बे, पिंपल्स, झाइयां व काले घेरे साफ होकर गुलाबी निखार आता है। इसका फेसपैक बनाने के लिए एक कटोरी में 2 छोटे चम्मच बेसन, 1ध्2 चम्मच हल्दी और जरूरतानुसार दूध मिलाएं। तैयार मिश्रण को चेहरे व गर्दन पर 15 मिनट तक लगा कर इसे धो लें।

शहद

एंटी–एजिंग, एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल गुणों से भरपूर शहद स्किन के लिए बेस्ट मॉइस्चराइजर माना जाता है। इसे सीधा या बेसन में मिलाकर चेहरे पर करीब 15 मिनट तक लगाएं।



बाद में गुनगुने पानी से इसे साफ कर लें। इससे स्किन में नमी बरकरार रहने के साथ चेहरे की रंगत निखर कर सामने आएगी। यह ब्लीच की तरह काम करके सनटैन से खराब हुई स्किन को पोषित करके गुलाबी निखार दिलाने में मदद करता है।

संतरा

सर्दियों में संतरा हर घर में आसानी से मिल जाता हैं। इसका जूस पीने से खून साफ होने के साथ स्किन का कालापन दूर होता है। इसके अलावा संतरे के छिलकों को सूखाकर मिक्सी में उसका पाउडर तैयार करें। फिर एक बड़ा चम्मच संतरे का पाउडर और आवश्यकतानुसार गुलाब जल मिलाएं। तैयार फेसपैक को चेहरे व गर्दन पर 15 मिनट तक लगाकर उसे ठंडे पानी से धोएं। यह चेहरे पर पड़े पिंपल्स, दाग, धब्बे, झाइयां, झुर्रियां व रूखापन दूर करके गुलाबी निखार दिलाने में मदद करता है।

आपको यह आर्टिकल कैसा लगा हमें कमेंट बॉक्स में बताना ना भूलें।



# पुराने से पुराने तिल हो या काले निशान, जड़ से गायब करेंगे देसी नुस्खे

कई बार चेहरे पर काले या फिर ब्राउन यानि भूरे रंग की हल्की तिली दिखाई देने लगती है। कोई उसे तिली कहते हैं तो कोई उसे तिल का कहता है। ऐसा अक्सर ज्यादा देर तक धूप या फिर प्रदूषण वाले माहौल में रहने से होता है। यदि आप भी चेहरे पर होने वाले इन तिलों से परेशान हैं तो आज हम आपको कुछ घरेलू उपाय बताएंगे जिनकी मदद से आप चेहरे की इस समस्या से राहत पा सकेंगे।

सबसे पहले बात करते हैं चेहरे पर होने वाले काले दाग धब्बों की...



ज्यादा देर तक धूल मिट्टी में रहना या फिर ऑयली फूड का सेवन करने से चेहरे पर पिंपल्स की समस्या होने लगती है, कई बार इन पिंपल्स की वजह से चेहरे पर काले दाग–धब्बे दिखने लगते हैं। ऐसे में आप आलू के टुकड़े को कद्दूकस करें उसके बाद उसका जूस निकालकर चेहरे पर लगाएं। आलू के जूस को 20 से 25 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें। ऐसा हफ्ते में दो बार करने से चेहरे के सभी दाग–धब्बे 1 से 2 महीने में दूर हो जाएंगे।

दूसरा उपाय– लहसुन

लहसुन की कलियों को बारीक पीसकर इनका पेस्ट तैयार कर लें। एस पेस्ट को केवल पिंपल्स वाली जगह पर 10 से 15 मिनट के लिए लगाएं। ऐसा करने से पिंपल्स की समस्या बहुत जल्द ठीक हो जाएगी, साथ ही पिंपल्स की वजह से चेहरे पर पड़ने वाले दाग–धब्बे भी दूर होंगे।

तीसरा उपाय– पुदीना और धनिया

धनिया और पुदीना को पीसकर पानी के साथ मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रखें दोनों की पत्तियों को अच्छे से धोकर साफ करें। उसी के बाद ही दोनों चीजों का पेस्ट तैयार करें। एक साथ पीसने के बाद चेहरे को साफ करके फेस पर अप्लाई करें। कोशिश करें इसे ताजा बनाकर ही चेहरे पर लगाएं। अगर आपको स्टोर करना ही है तो सुबह को बनाकर बस शाम के वक्त ही इस्तेमाल कर सकते हैं।

तो ये थे चेहरे के दाग–धब्बों और झुर्रियों से पीछा छुड़ाने का आसान घरेलू नुस्खे। कोशिश करें अपनी डाइट का हमेशा खास ध्यान रखें। हेल्दी खाएं, ताकि चेहरे पर किसी तरह का कोई दाग–धब्बा या फिर झाइयां दिखाई ही न पड़ें।

# बच्चों के साथ हमेशा सख्त रहते हैं ये पेरेंट्स, इसके पीछे भी है उनका एक सीक्रेट





मां–बाप बनना जिंदगी का एक खूबसूरत अहसास होने के साथ कई जिम्मेदारियों को भी आता है। पेरेंट्स को बच्चे से प्यार करने के साथ उसके बेहतर भविष्य के लिए थोड़ा सख्त भी होना पड़ता है। ऐसे में उन्हें अपनी भावनाओं पर बैलेंस बनाकर चलने की जरूरत होती है। कहा भी जाता है कि बच्चे को सही राह पर ले जाने के लिए मां–बाप को उनसे हमेशा प्यार भरा बर्ताव करने की जगह सख्त रवैया भी रखना चाहिए। बात अगर हम ज्योतिष शास्त्र की करें तो कुछ राशियों के लोग ऐसे भी होते हैं, जो अपने बच्चे के बेहतर भविष्य के लिए अधिक प्यार करने की जगह चुनौतियों का सामना करना सिखाते हैं। ताकि वे जीवन में हर मोड़ पर सफलता हासिल कर सके। तो चलिए जानते हैं उन राशियों के बारे में...

मेष राशि

इस राशि के पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ प्यारभरा नहीं बल्कि असंवेदनशील बर्ताव रखते हैं। वे बच्चों के आगे नई चुनौतियां रखने के साथ उसे पूरा करने के लिए उत्साहित करते हैं। जरूरत पड़ने पर उन्हें गुस्सा करके मंजिल पर पहुंचने का सही रास्ता भी दिखाते हैं। ऐसे में वे उन्हें जिंदगी की हर परिस्थिति से डरने या घबराने की जगह उसका सामना करने की प्रेरणा देते हैं।



सिंह राशि

इस राशि के मां–बाप अपने बच्चों पर पूरा रौब रखते हैं। साथ ही वे उन्हें समय के साथ चलने व मजबूत बनाने की पूरी कोशिश करते हैं। वे बच्चों को अंदर से मजबूत करने के लिए उससे प्यार जताने की जगह अकेला छोड़ना सही समझते हैं। इनके मुताबिक बच्चा खुद परिस्थितियों से लड़कर बेहतर सिखता है। मगर इनका बच्चा सही दिशा पर चल रहा है या नहीं इस बात की निगरानी भी रखते हैं।

कन्या राशि

इस राशि के पेरेंट्स स्वभाव से बेहद ही सख्त होते हैं। ऐसे में वे अपने बच्चे के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए गंभीरता से सोचते हैं। इनका मानना है कि बच्चे को अपनी गलतियों से सीख मिलती है। ऐसे में वे बच्चे की हर गलती पर निगरानी रख कर उनसे आलोचना का रवैरा रखते हैं। इसके अनुसार, बच्चे हार का सामना करके और कड़ी मेहनत से जिंदगी में एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकता है। ऐसे में वे अपने बच्चे के साथ प्यार की जगह आलोचना वाला बर्ताव रखते हैं। असल में, ये इसलिए ऐसा बर्ताव रखते हैं ताकि इनका बच्चा जिंदगी में एक कभी हारे ना।

कुंभ राशि

ये लोग बच्चे के काम में हस्तक्षेप करने की जगह उन्हें अकेला छोड़ना सही समझते हैं। इनका मानना है कि बच्चों को अपना स्वभाव खुद विकसित करना चाहिए। आमतौर पर जहां पेरेंट्स बच्चे की छोटी–छोटी बातों का ध्यान रखते हैं, वहीं कुंभ राशि के लोग उन्हें छूट देने में विश्वास रखते हैं। इनके मुताबिक, इससे बच्चे मुसीबतों व परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता रखते हैं।

## थाना अमेठी पुलिस द्वारा लूट के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, लूट के 1,700/ हजार नगद बरामद'

अमिट रेखा समर बहादुर सिंह

ब्यूरो अमेठी। जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के ध्ार पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.12.2020 को उ0नि0 जंगबहादुर यादव थाना अमेठी मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 544ध्2020 धारा 392 भादवि में वांछित अभियुक्त नसीम पुत्र खालिद नि0 ग्राम समदिया मोहल्ला वार्ड नं0 11 थाना व जनपद अमेठी को रामलीला मैदान कस्बा अमेठी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की तलाशी से लूट के 1,700/ नगद बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि महिन्द्रा ट्रैक्टर एजेंसी के पास एक लड़के से कुल 22,00/रूपये छीन लिया था, बरामद रूपये उसी लूट के हैं शेष खर्च हो गये। थाना अमेठी द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## एसोसियेशन की सदस्यता से अमरजीत निलम्बित

लखनऊ,(यूएनएस)। सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसियेशन ने बैठक में प्रारूपकार अमरजीत मिश्रा को संघ और संवर्ग विरोधी गतिविधियों के चलते संघ की सदस्यता से निलम्बित किया गया। यह जानकारी महासचिव अभय शुक्ला ने दी। सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसियेशन के महासचिव अभय शुक्ला ने बताया कि अमरजीत मिश्रा द्वारा निरन्तर संघ, संवर्ग विरोधी कृत्यों में लिप्त रहने, सदस्यों को गुमराह करन अपने कृत्यों से संघ की छबि धूमिल करने एवं समयान्तर्गत अपना पक्ष प्रस्तुत न करने के कारण यह निर्णय लिया गया। इससे पूर्व एसोसिएशन द्वारा निर्णय लिया गया कि हमारा संघ किसी भी सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ परिसंघ,उत्तर प्रदेश को कोई समर्थन नही करता है और न ही उसाक कोई घटक संघ है। सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसियेशन उत्तर प्रदेश किसी भी अन्य संघ को मान्यता या समर्थन नही देता। बैठक में प्रान्तीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के दिए निर्देश

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के प्रत्येक पात्र परिवार को गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को इस कार्य की नियमित समीक्षा तथा मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

## सभी जनपदों का रोजगार प्लान बनाया जाए : योगी

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय को केन्द्र बनाकर कार्यवाही संचालित की जाए। जिला सेवायोजन अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित कर जनपद में रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जनपद में रोजगार की उपलब्धता के सम्बन्ध में डाटाबेस तैयार किया जाए। सभी जनपदों का रोजगार प्लान बनाया जाए। इसके अलावा विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में एक वेवसाइट भी विकसित की जाए। इस वेबसाइट पर रोजगार के अवसरों की उपलब्धता की जानकारी के साथ–साथ आवेदन का विकल्प भी होने चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने जीएसटी राजस्व संग्रह की समीक्षा करने के दिए निर्देश

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जी0एस0टी0 राजस्व संग्रह की समीक्षा किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा है कि व्यापारियों को जी0एस0टी0 के तहत रजिट्रेशन के लाभ की जानकारी देते हुए पंजीयन के सम्बन्ध में प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी0एस0टी0 के तहत रजिस्ट्रेशन तथा रिटर्न फाइलिंग के सम्बन्ध में सरल भाषा में पठनीय सामग्री तैयार कर व्यापारियों को उपलब्ध कराई जाए। जी0एस0टी0 रिटर्न भरने के सम्बन्ध में व्यापारियों को प्रशिक्षित किया जाए।

## मुख्यमंत्री ने कोविड–19 से बचाव तथा उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड–19 से बचाव तथा उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए प्रत्येक स्तर पर सावधानी व सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद लखनऊ में विशेष ध्यान देते हुए उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में कार्य योजना तैयार कर उसके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्विलांस तथा कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का कार्य पूरी सक्रियता से जारी रखा जाए। उन्होंने मेडिकल टेस्टिंग को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को कोविड–19 से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए। इस कार्य में विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ–साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का भी व्यापक स्तर पर उपयोग किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य द्वारा अवगत कराया गया कि कोविड–19 के बचाव व उपचार के सम्बन्ध में प्रदेश में आइवरमेक्टिन औषधि के उपयोग की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। ज्ञातव्य है कि कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में यू0पी0 मॉडल की डब्ल्यू0एच0ओ0 (विश्व स्वास्थ्य संगठन) द्वारा भी सराहना की गई है।

## रेलवे लखनऊ मण्डल को मिला राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

लखनऊ,(यूएनएस)। लखनऊ राष्ट्रीय स्तर पर 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' द्वारा आयोजित 30वें राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2020 (एनईसीए) का सौर ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा कुशल एयर कंडीशनर, एलईडी लाइट्स, ऑक्यूपेंसी सेंसर जैसे ऊर्जा कुशल उत्पादों के अनुप्रयोग के लिए भवन श्रेणियों (सरकारी कार्यालयों) में पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2020 प्राप्त किया। इससे पूर्व 14 दिसंबर 2020 –'ऊर्जा संरक्षण दिवस' पर उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत लखनऊ स्थित पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय को 'सरकारी भवन संवर्ग' में प्रशंसनीय एवं प्रभावी कार्य हेतु उत्तर प्रदेश में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया था।

# पत्रकार एकता समन्वय समिति सलेमपुर तहसील इकाई परिचय पत्र वितरण हुआ संपन्न

अमिट रेखा इमरान

लार देवरिया। आज सलेमपुर तहसील सभागार में सलेमपुर उपस्थित रहे। पत्रकार एकता समिति कार्यक्रम सर्वप्रथम संबोधित करते हुए विधायक पत्रकारों पर हो रहा है हो रहे अत्याचार एवं उत्पीड़न को देखते हुए पत्रकार एकता समन्वय



पत्रकार एकता समन्वय समिति के सलेमपुर तहसील इकाई परिचय पत्र एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक काली प्रसाद जी सलेमपु एसडीएम ओम प्रकाश बरनवाल और क्षेत्राधिकारी काली प्रसाद जी ने कहा का पत्रकार समाज का आईना होता है समाज के सभी अच्छाइयों एवं बुराइयों को उजागर करता है और समाज को सीधा रास्ता दिखाता है पत्रकार एकता समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा समिति पत्रकारों के साथ हर संभव खड़ी रहेगी पत्रकार के हित एवं भलाई का कार्य करता रहेगा सभा में उपस्थित सर्वप्रथम पत्रकार एकताता समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वामित्र जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर तनवीर आलम सलेमपुर तहसील इकाई के अध्यक्ष रियासतअंसारी संरक्षक आजम लारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष जफर लारी राष्ट्रीय महासचिव डॉ गोपेश कुमार कोषाध्यक्ष सलेमपुर तहसील इकाई ज्ञासुद्दीन लारी ज राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी लियाकत जी मीडिया प्रभारी सलेमपुर तहसील इकाई अमित कुमार बरनवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे शपथ ग्रहण समारोह में मनौवर अंसारी इमरान अंसारी शाह आलम और समस्त सदस्यगण को सलेमपुर विधायक काली प्रसाद जी के द्वारा शपथ दिलाया गया सलेमपुर विधायक काली प्रसाद ने पत्रकारों के लिए सलेमपुर तहसील में एक अलग से सभागार बनाने की बात कही कार्यक्रम को सफल बनाने में सलेमपुर तहसील इकाई के संरक्षक एवं समाजसेवी आजम लारी और जफर लारी ज्ञासुद्दीन लारी मुनव्वर अंसारी इमरान अंसारी अमित कुमार रियासत जी मुख्य रुप से सहयोग रहा।

## गांव के ही लड़कों ने पुरानी रंजिश को लेकर मोबाइल व 500 नगद छीन लिए

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। खजनी क्षेत्र के गांव केवटली निवासी मणिरत्नम पुत्र रामदास लगभग 12रू30 बजे अपने मोबाइल में पैसा डलवा कर घर वापस आ रहा था गांव के ही 3 लड़कों ने जैसे ही युवक गांव के खडंजे पर पहुंचा गांव के ही 3 लड़कों ने शेष बचा पैसा 500 रु व मोबाइल मेरा लेकर मारपीट कर भाग गए 112 नंबर पर सूचना भी दी गई लेकिन काफी देर तक गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची रामदास ने बताया हम मोबाइल मे पैसा डलवाने के लिए अपने पुत्र को दिया था साथ लेकर थाने पर आवेदन दिए थाने पर कह दिया गया आज इतवार के दिन मुलाहिजा नहीं होता है कल आइए कल मोलहिजा करा कर मुकदमा लिखा जाएगा पिडित तहरीर देकर घायल अवस्था मे ही वापस चला गया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी प्रदीप त्रिपाठी खजनी ने दूरभाष पर बताया इतवार को भी हमारे केंद्र पर मुलहिजा का कार्यक्रम किया जाता है अगर कुछ देर के लिए कोई डाक्टर उपलब्ध नहीं रहता है तू दूरभाष पर उस को बुलवाकर घायलों का मुलाहिजा किया जाता है।



## शोक को बदलेंगे शक्ति में, गांवों तक पहुंचेगा किसानों का संदेश : मजदूर किसान मंच

लखनऊ,(यूएनएस)। किसानों को बदनाम कर आंदोलन का दमन करने का मोदी सरकारका दांव विफल साबित हुआ है। किसान विरोधी तीनों कानून की वापसी, एमएसपी परकानून बनाने, विद्युत संशोधन विधेयक वापस लेने की मांग पर किसानों केआंदोलन को राष्ट्रव्यापी समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी मेंआज आंदोलन केदौरान शहीद हुए लोगों की याद में आयोजित शोक सभाओं को आल इंडिया पीपुल्सफ्रंट और मजदूर किसान मंच के कार्यकर्ताओं ने गांव–गांव किया साथ ही डिजिटलमाध्यम द्वारा भी शोक संदेश दिए गए।

## मुख्यमंत्री ने सभी धान क्रय केन्द्रों को निरन्तर कार्यशील रखने के निर्देश दिए

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी धान क्रय केन्द्रों को निरन्तर कार्यशील रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की उपज की खरीद में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरदाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने धान खरीद के सम्बन्ध में समय से भुगतान सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में प्रदेश सरकारी की जीरो टॉलरेंस नीति है। इसके दृष्टिगत भ्रष्ट आचारण एवं गतिविधियों में संलिप्त अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने में कोई संकोच नहीं किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अपने जनपद के गो–आश्रय स्थलों तथा गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखे। उन्होंने संरक्षित गोवंश को सर्दी से बचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## मौसम विभाग का यूपी के 40 जिलों के लिए शीतलहर का अलर्ट

लखनऊ,(यूएनएस)। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के चालीस शहरों में शीतलहर, अत्यधिक सर्दी और घने कोहरे का अलर्ट जारी कर दिया है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से गलन लगातार बढ़ रही है। सर्द हवाएं कहर बरपा रही है। तापमान में लगातार गिरावट होने से अभी तीन चार दिन भीषण ठंड का पूर्वानुमान है। राजधानी लखनऊ में शनिवार रात तापमान 4.3 डिग्री दर्ज किया गया। कानपुर में न्यूनतम तापमान गिरकर 4.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। लेकिन सर्द हवाओं ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया। यूपी में इस सीजन में अभी तक 3.4 डिग्री सेल्सियस के तापमान के साथ बरेली सबसे ठंडा शहर रहा। बरेली के बाद मेरठ दूसरा सर्वाधिक ठंडा शहर रहा। मौसम विभाग ने इन चालीस शहरों के लिए अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के प्रयागराज, फतेहपुर, वाराणसी, गोरखपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी, बहराइच, हरदोई, रायबरेली, लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, सीतापुर, कानपुर, बांदा, चित्रकूट, कन्नौज, आगरा, मथुरा, फर्रुखाबाद, हाथरस, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, हापुड़, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, लखीमपुर और आसपास के इलाकों में शीतलहर की चेतावनी दी गई है। लखनऊ आंचलिक मौसम केन्द्र के निदेशक जेपी गुप्ता बताते हैं कि, पश्चिमी विक्षोभ से पहाड़ों पर भारी बर्फबारी हो रही है। इस कारण मैदानी इलाकों में हाड़ कंपा देने वाली ठंडी हवाएं चल रही हैं। यूपी मौसम विभाग 40 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।

## किसान आन्दोलन समर्थन समिति

लखनऊ,(यूएनएस)। देशव्यापी किसान आंदोलन के सन्दर्भ में नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक बैठक की गई।इस बैठक में किसान आंदोलन को पूरे देश की भलाई के आंदोलन के रूप में घोषित किया गया।यह आह्वान किया गया कि इस आंदोलन में देश के सभी नागरिक पूरी तरह सहयोग करें। बैठक में लखनऊ में किसान आन्दोलन सहयोग समिति का गठन किया गया और किसान नेता शिवाजी राय को संयोजक और नागरिक समाज के नेता रामकृष्ण को सह संयोजक बनाया गया। यह समिति किसान आंदोलन द्वारा घोषित सभी कार्यक्रमों को लखनऊ में लागू करेगी एवं उसके समर्थन में 27 दिसम्बर 2020 को लखनऊ में एक दिवसीय सत्याग्रह का आयोजन करेगी। सभी जनपक्षधर नागरिक संगठनों, श्रमिक संगठनों, बुध्दिजीवियों, आम नागरिकों से इस समिति का हिस्सा बनने का आह्वान किया गया।

### सीएम योगी का विपक्षियों पर वार, बोले...

# जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता वो किसानों को कर रहे गुमराह

लखनऊ। कृषि कानून के




विरोध के बीच यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दिनों किसानों को मनाने में जुटे हैं। वह अलग–अलग जिलों में जाकर किसान सम्मेलन के जरिए किसानों को मनाने और समझाने में लगे हैं। सीएम योगी ने कहा कांट्रेक्ध्ट खेती को लेकर विपक्ष किसानों को गुमराह करने का काम कर रहा है। यह दो लोगों के बीच आपसी समझौता है। कांट्रेक्ध्ट खेती से किसानों की फसल पर कब्ध्जा जैसी बात पूरी तरह से भ्रामक है। सरकार गारंटी ले रही है कि कांट्रेक्ध्ट खेती शुरू होने पर किसानों हित का पूरा ख्ध्याल रखा जाएगा। इससे किसानों की आमदनी दोगुनी हो जाएगी। मुख्ध्यमंत्री योगी आदित्ध्यनाथ अयोध्ध्या के कुमारगंज स्थित आचार्य नरेन्ध्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्ध्वविद्यालय में आयोजित कृषक भाईयों से संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्ध्यमंत्री ने अयोध्ध्या, गोरखपुर, बस्ध्ती, बहराइच, बाराबंकी, बलरामपुर समेत 15 जिलों में कृषि,कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान, पशुपालन, मत्ध्सय पालन, सिंचाई की 89.90 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्ध्यास किया। मुख्ध्यमंत्री योगी आदित्ध्यनाथ ने कहा कि विपक्ष भ्रामक प्रचार कर रहा है कि कृ ि ष ा कानून ल ा ग ू होने के ब ा द न्ध्यूनतम समर्थन मूल्ध्य (एमएसपी) समाप्ध्त हो जाएगा और मंडिया बंद हो जाएगी, ऐसा बिल्ध्कुल नहीं है। मुख्ध्यमंत्री ने कहा कि कृषि कानून लागू होने के बाद किसान अपनी फसल कहीं पर भी अच्ध्छी कीमत पर बेच सकता है। केन्ध्द्र सरकार किसानों के हितों को संरक्षित करने काम लगातार करती आ रही है। मुख्ध्यमंत्री ने कहा कि चीनी एक्ध्सपोर्ट करने वाले किसान भाइयों को एक्ध्सपोर्ट सब्सिध्डी जारी करने काम किया जा रहा है। जो जल्ध्दी उनके खातों में पहुंच जाएगी। उन्ध्होंने कहा कि सरकार 2022 तक किसानों की आमदनी को दोगुना करने के प्रयास में है। 25 दिसम्ध्बर को पीएम देंगे किसानों को सौगात मुख्ध्यमंत्री ने योगी आदित्ध्यनाथ ने कहा कि विपक्ष ने स्ध्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को दबाए रखा लेकिध्न प्रधानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी ने किसानों को एमएसपी देने की गारंटी दी। फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री ने किसान निधि सम्ध्मान को लागू किया। अब 25 दिसम्ध्बर को प्रध ाानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी किसान निधि सम्ध्मान के जरिए बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। उन्ध्होंने कहा कि यूपी के 2 करोड़ 30 लाख किसानों समेत देश के 9 करोड़ किसानों को किसान निध ि सम्ध्मान का 18 हजार करोड़ रुपए सीधे उनके खाते में भेजे जाएंगे। मुख्ध्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्ध्मेलनों के जरिए किसानों व देश की जनता का भरोसा प्रधानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी पर बढ़ रहा है। उन्ध्होंने कहा कि किसानों की फसल बेचने में अभी बिचौलियों और दलालों हावी रहते थे लेकिन कृषि कानून लागू से होने से किसान अपनी फसल सीधे बेच सकेंगे। मुख्ध्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में चीनी मिलें बंद नहीं हुई बल्कि सरकार ने गन्ध्ना मिलों तक पहुंचाने का काम किया। गेहूं व धान का क्रय पूरी ईमानदारी से किया गया। प्रदेश सरकार ने 26 लाख मिट्रिक टन गेहूं और 52 लाख मिट्रिक टन धान क्रय किया है। खेती में तकनीक लाएगी किसानों की खुशहाली मुख्ध्यमंत्री योगी आदित्ध्यनाथ ने कहा कि कृषि विश्ध्वविद्यालय के सहयोग से किसानों को तकनीकी जानकारी देने के लिए तीन सालों में 20 कृषि विज्ञान केन्ध्द्रों को स्ध्थापित किया गया है।

# जनपद में पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

### अवैध शराब बिक्री,परिवहन,निष्कर्षण में की गयी कार्यवाही

अमिट रेखा – निखिल कुमार कुशवाहा ध् स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। थाना पटहेरवा पुलिस टीम द्वारा 04 नफर अभियुक्त 1. फेंकू मण्डल पुत्र खेलावन मण्डल साकिन कोइसलवा बुजुर्ग मुसरही टोली थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर 2.जुलूम चौहान पुत्र मुनीब उर्फ मनीष चौहान साकिन छिकटही थाना बिजयीपुर जिला गोपालगंज (बिहार) 3.नन्दलाल मण्डल पुत्र सुमारी मण्डल साकिन कोइलसवा बुजुर्ग मुसहरी टोला थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर 4.रमाकान्त सोनी पुत्र स्व0 नरायन सोनी साकिन ग्राम भागी पट्टी थाना कटया जिला गोपालगंज (बिहार) को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 40 ली0 अवैधछ कच्ची शराब बरामद कर क्रमशः अन्तर्गत मु0अ0सं0 490ध् 2020,491ध्2020,492ध्2020,493ध् 2020 धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना कप्तानगंज–

थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा 02 नफर अभियुक्त 1. मोहन निषाद पुत्र मोतीचन्द साकिन मथौली बाजार थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर 2. शिवप्रसाद पुत्र सीताराम साकिन मथौली बाजार थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अन्तर्गत मु0अ0सं0 429ध्2020,430ध्2020 धारा 60 आबकारी अधि0 में पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

आर्म्स एक्ट में की गयी कार्यवाही–(कुल–02)

थाना को0 हाटा–

थाना को0 हाटा पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त अमजद खान पुत्र अमरुद्दीन खान साकिन श्यामपुर थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके पास से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद कर अन्तर्गत मु0अ0सं0–570ध्2020 धारा 4ध्25 आर्म्स एक्ट में आवश्यक विधिक कार्यावाही की जा रही हैं।

थाना तुर्कपट्टी–

थाना तुर्कपट्टी पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त पंकज सिहं पुत्र सिंहासन सिंह साकिन सेमरा हर्दो पट्टी थाना तुर्कपट्टी जिला कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके पास से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद कर अन्तर्गत मु0अ0सं0–452ध्20 ध ाारा 4ध्25 आर्म्स एक्ट में आवश्यक विधिक कार्यावाही की जा रही हैं।

वांरटियों की गिरफ्तारी–(कुल–01)'

थाना कप्तानगंज–

थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त छोटेलाल पुत्र बिरजा नि0 मलुकही थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अन्तर्गत मु0न0–105ध्2015 धारा 128 जा0फौ0 में आवश्यक विधिक कार्यावाही की जा रही हैं।

जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही–

जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 09 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 151 सीआरपीसी के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

कार्यवाही एक नजर में ='

1. मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही–सीज–00, ई–चालान–217 वाहन।

2. 107ध्116 जा0फौ0 में की गयी कार्यवाही–मु0–24, व्यक्ति–80

3.आबकारी अधिनियम में कार्यवाहीदृ मु0–6 ,अभि0–06, बरामदगी– 52 ली0 अवैध कच्ची शराब

4.आर्म्स एक्ट में कार्यवाही–मु0–02,अभि0–02, बरामदगी–02 अदद नाजायज चाकू।

5. वांरटियों की गिरफ्तारी–(कुल–01)

6. जनपद में कुल गिरफ्तारीदृ(कुल–18)

## 'खानीपुर घटनास्थल का एसएसपी ने किया निरीक्षण'

'अमित रेखा सत्य प्रकाश यादव'

गोरखपुर। गीडा थाना अंतर्गत खानीपुर में मारपीट व गोली चलने की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों दीया आवश्यक दिशा निर्देश। जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद, लाठी–डंडे से मारपीट में एक पक्ष के पति–पत्नी घायल, बीच बचाव करने गये बेटे के जांघ मे लगी गोली, महिला समेत तीनों घायल अस्पताल मे भर्ती, कराया गया वारदात के बाद दूसरे पक्ष के हमलावर मौके



से फरार हो गए हैं घटना की सूचना पाते ही मुकामी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों को वायरलेस पर सूचना दी वायरलेस पर सूचना पाते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना करते हुए संबंधित अधिकारी गणों से कहा कि मारपीट व गोली चलाने वाले अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि इस तरह की घटना को अंजाम देने से पहले अपराधी एक बार जरूर सोचें अभी कल ही डीआईजी रेंज व मंडलायुक्त ने अपराध समीक्षा बैठक कर छोटी सी छोटी घटनाओं पर पहुंचने का निर्देश दिया था जिसका एसएसपी जोगिंदर कुमार ने अनुपालन करते हुए घटनास्थल पहुंच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## 'पिस्टल के साथ सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करना पड़ा भारी, ऐसे हो गया युवक गिरफ्तार'

अमित रेखा सत्य प्रकाश यादव'

गोरखपुर। गोरखपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां बेलघाट में थाना क्षेत्र में एक युवक ने पिस्टल के साथ अपना वीडियो और फोटो सोशल मीडियो पर पोस्ट किया था। इस बीच यह पोस्ट वायरल होने लगी।इसके बाद पुलिस ने पिस्टल के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक पिस्टल और तमंचा बरामद किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया।युवक की पहचान बेलघाट कस्बा निवासी आसिफ खान के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, युवक ने सोशल मीडिया पर कुछ दिनों पहले वीडियो वायरल किया था। 17 दिसंबर को पुलिस के संज्ञान में मामला आया। पुलिस ने वीडियो में दिख रहे युवक के बारे में जानकारी जुटाई। बेलघाट थाने के दरोगा राकेश सिंह, चौकी प्रभारी कुरी बाजार हरिश्चंद्र, दरोगा राकेश कुमार और सिपाही अखंड प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की रात बेलघाट के मजगांवा चौराहे से युवक को गिरफ्तार कर लिया।

## दिल्ली से आया व्यक्ति अमेठी में हुआ ठगी का शिकार

अमित रेखा समर बहादुर सिंह

ब्यूरो अमेठी। दिल्ली से चलकर अमेठी आए हुए राकेश



कुमार पुत्र मोहन अपने रिश्तेदार के यहां पोस्ट ऑफिस के बगल एटीएम में गए पैसे निकालने उनके साथ ध्60000 की हुई ठगी । राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी पांडे ने पीड़ित का भरपूर सहयोग किया।

## मुख्यमन्त्री ने तीन दिवसी मेले का किया उद्घाटन

अमित रेखा अजय कुमार सिंह

मण्डल/अयोध्या। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विश्वविद्यालय के नरेंद्र उद्यान पहुंचकर आचार्य नरेंद्र देव के प्रतिमा पर



माल्यार्पण किया ।तीन दिवसीय किसान मेले का उद्घाटन कर मेले में लगे पंडालों का भ्रमण किया ।मेले का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जहां कार्यक्रम स्थल पर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र कुमार सिंह ने सांसद लल्लू सिंह, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ मुख्यमंत्री को हल का प्रतीक चिन्ह भेट किया। किसान सम्मेलन व कृषि प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ हुआ ।कृषि से संबंधित 95 करोड़ की परियोजनाओं का सीएम योगी ने शिलान्यास व उद्घाटन किया।

## महोत्सव में किये पूजा अर्चना

अमित रेखा अजय कुमार सिंह

मण्डल/अयोध्या। श्री सीताराम विवाह महोत्सव (विवाह पंचमी) के शुभ अवसर पर श्री राम कथा संतसमाज अद्भुत और अलौकिक अवसर पर अयोध्या हनुमानगढ़ी महाराज राजू दासजी महाराज हनुमानगढ़ी का पूजन अर्चन किये । महंत रमेश दास जी महाराज श्रीमान जी मानस जी अयोध्या धाम पुजारी राजकुमार दास जी अजय सिंह कुंवर अंबुज सिंह विकास यादव लखनऊ अंकित सिंह राजपूत कुंवर विक्रम सिंह कुंवर निर्भय सिंह अभय सिंह यस वर्धन सिंह शिप्रा सिंह योगेश त्रिपाठी दीपक दास सोनू मिश्रा रंजन त्रिपाठी चंद्रभान तिवारी आदि लोग भी उपस्थित रहे।



## 'जिलाधिकारी ने पेश की मानवता की मिसाल'

अमित रेखा ब्यूरो अभिषेक यादव

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने आज कैम्प कार्यालय से जैसे ही एल–2 चिकित्सालय में बैठक के लिये अपने आवास से निकले ही थे कि अचानक उन्हें अम्बेडकर चौराहे से कैम्प कार्यालय की ओर आती हुई एक वृद्ध महिला उम्र लगभग 65 वर्ष से अधिक थी, जो गरीब, असहाय एवं निर्धन थी, उन्हें रास्ते में देखा और अपनी गाड़ी तत्काल रूकवाकर उस वृद्ध महिला से



स्वास्थ्य की जानकारी ली और पूछा कि वह कहां की रहने वाली है तो उस वृद्ध महिला ने बताया कि कुण्डा क्षेत्र के महेवा मलकिया गांव की रहने वाली है और ज्यादा कुछ वह बता नही पायी। जिलाधिकारी ने इस वृद्ध महिला को तत्काल ठण्ड से बचने हेतु कम्बल उपलब्ध कराया और उसे कैम्प कार्यालय परिसर में लाया गया। कैम्प कार्यालय परिसर में जिलाधिकारी ने एम्बुलेन्स को बुलाकर उस वृद्ध महिला के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अपनी देख–रेख में एम्बुलेन्स में बैठाकर जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां पर उसका ईलाज किया जा रहा है, स्वास्थ्य होने के उपरान्त उस वृद्ध महिला को उसके गांव भेजवा दिया जायेगा।

# ट्रिपल ए को प्रशिक्षित करने की तैयारी में जुटें सभी मास्टर ट्रेनर्स–सीएमओ

### प्रशिक्षित किए गए जिले के करीब आठ दर्जन मास्टर ट्रेनर्स

अमित रेखा सुनील पाण्डेय

ब्यूरो महराजगंज। कोविड टीकाकरण के तैयारी के संबंध में जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण में करीब आठ दर्जन मास्टर ट्रेनर्स को शुक्रवार को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अब सभी प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अपने–अपने ब्लॉकों में जाकर शट्रिपल एश के प्रशिक्षण की तैयारी करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी अधीक्षकों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, बीपीएम, बीसीपीएम, डेटा हैंडलर, स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारियों तथा बाल विकास परियोजना अधिकारियों को कोल्डचेन मैनेजमेंट,कोविन पोर्टल,वैक्सीन मैनेजमेंट तथा वेस्टेज मैनेजमेंट के बारे में प्रशिक्षित किया गया। कोरोना बचाव अभियान के नोडल अधिकारी डॉ.आईए अंसारी ने सभी मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि सभी अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करें। ब्लॉक की आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी तथा एएनएम को प्रशिक्षित करने के लिए कार्य योजना भी तैयार करें।

यूएनडीपी के जिला कोल्ड चेन मैनेजर नागेन्द्र पांडेय ने बताया कि वैक्सीन के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के साथ उसे उचित तापमान पर रखा जाएगा। टीकाकरण सत्र पर वैक्सीन सुरक्षा व्यवस्था के बीच भेजी जायेगी। टीकाकरण कार्य में लगने वाले स्वास्थ्यकर्मियों तथा लाभार्थियों के नाम व मोबाइल नंबर कोविन पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है, ताकि उन्हें एसएमएस के जरिए सूचना भेजी जा सके। टीका लगने के बाद प्रमाण पत्र भी मोबाइल मैसेज के जरिये भेजा जाएगा।

प्रशिक्षक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राकेश कुमार तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज सिंह ने कहा कि प्रत्येक टीकाकरण सत्र स्थल पर छह लोगों की ड्यूटी लगायी जाएगी, जिसमें दो सुरक्षा कर्मी, एक सत्यापन कर्ता, एक वैक्सीनेटर, तथा दो प्रेरक होंगे।

यूनिसेफ के जिला समन्वयक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि टीका लगाते समय वैक्सीनेटर को विशेष सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने कोल्ड चेन प्रबंधन, सामुदायिक प्रेरण तथा मीडिया कम्युनिकेशन के बारे में विस्तार से बताया। डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस मेडिकल आफिसर डॉ. विकास यादव ने वैक्सीनेटर्स को प्रशिक्षित करने के बारे में जानकारी दिया।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मास्टर ट्रेनर और जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्रीभागवत सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में मिली जानकारी के मुताबिक 27 दिसंबर तक फ्रंटलाइन वर्कर्स को कोविड टीकाकरण के लिए प्रशिक्षित कर देना है। पहले चरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर टीका लगेगा, उसके लिए तैयारी कर लेनी है। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कहा कि टीकाकरण के लिए ऑनलाइन माइक्रो प्लान और टीकाकरण सत्र की व्यवस्था तैयार कर लेनी है। टीकाकरण सत्र पर तैनात होने वाले कर्मियों को उनके दायित्वों के प्रति प्रशिक्षित करवाना है।

## टी 10 कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता धोबौली का हुआ उद्घाटन मैच

### भाजपा नेता प्रशान्त शाही ने खिलाड़ियों से परिचिय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया –

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। गोरखपुर क्षेत्र के बडहलगंज ब्लाक के धोबौली ग्राम सभा में आज ट–10 कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मैच के मुख्य अतिथि भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता प्रशान्त शाही टोनी व विशिष्ट अतिथि विवेक तिवारी सैम ने फीता काटने के बाद खिलाड़ियों से परिचिय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मैच 10 ओवर का खेला गया मैच बैदौली व मेंहदराव के बीच खेला गया। टास जीत कर बैदौली की टीम ने फील्डिंग ली और मेंहदराव की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 5 विकेट पर 112 रन बनाया! इसके जवाब में बैदौली की टीम 92 रन ही निर्धारित 10 ओवर में बना पायी।



उद्घाटन मैच को मेंहदराव की टीम ने 20 रन से मैच को जीत लिया।

योगेश दूबे को पांच विकेट लेने पर मैन आफ द मैच दिया गया।

मैच के मुख्य अतिथि भाजपा के ऊर्जावान युवा नेता प्रशान्त शाही ने प्रतियोगिता को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं के प्रोत्साहन के क्रम में गांव गांव प्रतियोगिता होना सराहनीय कार्य है जिससे युवाओं के बीच छिपी प्रतिभा निखर के सामने आती है। इस अवसर पर कमेटी के आयोजक इमरान खान, अब्दुल हमीद, कमलेश सिंह , तारिख शेख, रामू शर्मा , संतोष सिंह व अम्पायर सन्नी सिंह व नंदू कुमार, भरत प्रताप सिंह भानू, सत्यव्रत दूबे राम, विकास दूबे, सुधाकर मौर्य , पवन दूबे अमित मोर्य समस्त दर्शक गण मौजूद रहे।

## 'खेलो खड्डा खेलो के अंतर्गत टीशर्ट का वितरण'

अमित रेखा – रामनरायन चौहान

धरनीं पट्टी, छितौनी– कुशीनग। खड्डा विधानसभा के अंतर्गत आयोजित होने वाला खेलो का महाकुम्भ ष्खेलो खड्डा खेलोष जिसकी पूरी तैयारी होने के बाद वैश्विक महामारी कोरोना के चलते उसे स्थगित कर दिया था।

पर इस प्रतिभा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों जिनका पूर्व में रजिस्ट्रेशन हो चूका था उन्हें सुचना देकर रविवार को दोपहर नेबुआ रायगंज के जटहा मोड़ पर स्थित एमएम सेन्ट्रल एकेडेमी विद्यालय




परिसर में टीशर्ट वितरित कर दिया गया। इस दौरान खड्डा विधायक जटाशंकर त्रिपाठी के प्रतिनिधि अंजनी शुक्ला ने उपस्थित नौजवानों का हौसला अफजाई करते हुवे कहा कि देश का भविष्य नौजवानों के कन्धे पर है, खूब पढ़ो, खेलो और आगे बढ़ो के साथ घर परिवार और समाज के साथ देश का भी नाम रोशन करे, इस दौरान जिला पंचायत सदस्य के युवा और भावी प्रत्यासी पंकज शुक्ला, सुग्रीव राजभर, आशुतोष पाण्डेय, इन्द्रजीत कुशवाहा, विश्व सनातन सेना जिला उपाध्यक्ष बबलू मिश्र, प्रभारी विजय मद्धेशिया, सचिव ऋतिक शुक्ल, कृष्णा मद्धेशिया, दीपक सिंह, नीरज शुक्ला, वैभव मिश्र और धनञ्जय गुप्ता सहित अनेको लोग उपस्थित रहे।

## कड़कड़ाती ठंड में भी नगर पंचायत निष्क्रिय,अलाव की अव्यवस्थित वह सीमित व्यवस्था

अमित रेखा अजय कुमार सिंह मण्डल प्रभारी

गोशाईगंज,अयोध्या। पूरे प्रदेश में इस समय हाड़ कंपा देने वाली ठंडक पड़ रही है,साधन संपन्न लोगों को कोई दिक्कत तो नहीं है लेकिन असहाय और निर्धन व्यक्तियो के जान पर बन आयी है। नगर में आने जाने वाले यात्रियों व राहगीरों के लिए भी समस्या हो रही है ऐसे में नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अलाव की प्रभावी वयवस्था न होने से ठंडक जानलेवा साबित हो सकती है। नगर के वनराजा बस्ती, रेलवे स्टेशन के साथ – साथ कई जगहों पर अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नही है। वार्ड नं तीन के सभासद प्रतिनिधि से जब इस बावत बात की गई तो उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय में पर्याप्त अलाव जलाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिनांक 17ध्12ध्2020 को दिया गया था परन्तु नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अभी तक इस पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई, क्यों नहीं की गई, मैं कुछ बता पाने में असमर्थ हूं। कुछ लोगों ने अपना नाम न छापने पर बताया कि नगर में जो अलाव जल रहा है वह कुछ प्रभावी लोगों के इशारे पर उनके व अपनों के लाभ के लिए ही जल रहा है,और यह भी मानक के विपरीत, इसपर लोगों ने बताया कि अलाव में भूसी व केरोसिन तेल भी होना चाहिए जो कि गायब है।अगर देखा जाए तो नगर में नगर पंचायत प्रशासन द्वारा इस कंपकंपाती ठंडक में भी अलाव की पर्याप्त व्यवस्था न किया जाना घोर लापरवाही प्रदर्शित करता है जो जनमानस के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

# जिला बाल संरक्षण समिति की आज जूम ऐप के माध्यम से मा. हाईकोर्ट की किशोर न्याय बोर्ड समिति ने किया समीक्षा

### जिला बाल संरक्षण समिति से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जिलाधिकारी ने किया प्रस्तुतीकरण

अमित रेखा समर बहादुर सिंह

ब्यूरो अमेठी। आज मा. हाईकोर्ट की किशोर न्याय बोर्ड समिति द्वारा जूम एप के माध्यम से जिला बाल संरक्षण इकाई से संबंधित कार्यों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। ऑनलाइन बैठक के दौरान जनपद अमेठी की जिला बाल संरक्षण इकाई से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार ने प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में बाल संरक्षण समिति की बैठकें नियमित आयोजित कर बाल श्रम, बाल ट्रैफिकिंग से संबंधित किशोरध किशोरियों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही की जाती है, जनपद अमेठी में 13 विकास खंडों में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की 32 बैठकें, ग्राम बाल संरक्षण समिति की कुल 114 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। जनपद में किशोर न्याय बोर्ड की स्थापना नहीं है, जनपद की तीन तहसील गौरीगंज, अमेठी एवं मुसाफिरखाना के प्रकरणों का निस्तारण किशोर न्याय बोर्ड सुल्तानपुर एवं तहसील तिलोई के प्रकरणों का निस्तारण किशोर न्याय बोर्ड जनपद रायबरेली द्वारा किया जाता है। जनपद में बाल संरक्षण समिति गठित है जिसमें एक अध्यक्ष एवं 3 सदस्य हैं इनके द्वारा दिनांक 01.01.2019 से दिनांक 30.11.2020 तक 48 किशोरधकिशोरियों को विभिन्न संस्थाओं एवं परिवारजनों को सौंपा गया है तथा दिनांक 01.01.2019 से दिनांक 30.11.2020 तक 8 शिशुओं को दत्तक ग्रहण हेतु स्वतंत्र घोषित किया गया है। जिला बाल संरक्षण समिति द्वारा जनपद अमेठी में शिशु स्वागत केंद्र की स्थापना कराई गई एवं विद्यालयों में संचालित स्कूल वाहनों की फिटनेस एवं वाहनों पर चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 112, 1090 नंबर अंकित कराए गए हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई में कुल 11 पद सृजित हैं जिसमें से 9 पद भरे हैं एवं दो पद किशोर न्याय बोर्ड न होने के कारण रिक्त है। जनपद अमेठी में बाल गृहध्बालिका गृह, संप्रेक्षण गृह, नारी संरक्षण गृह, दत्तक गृह इकाई, राजकीय एवं स्वैच्छिक संचालित नहीं है। जनपद अमेठी में कुल 6 किशोरधकिशोरियों को स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत माह दिसंबर 2019 से माह जुलाई 2020 तक कुल 6 माह का प्रतिमा 2000 की दर से भुगतान किया गया है। जनपद में प्रवर्तकता योजना के अंतर्गत 6 किशोरधकिशोरियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है तथा बाल विवाह व बाल श्रम के रोकथाम हेतु अभियान चलाया जा रहा है एवं जनपद में बालक एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु जिला, ब्लाक, ग्राम स्तर की नियमित बैठकें आयोजित की गई हैं जिसमें जिला वाद संरक्षण समिति की 04 बैठकें, ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की 32 बैठकें, ग्राम पंचायत संरक्षण समिति की 114 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इसके साथ ही वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी ने बाल संरक्षण समिति से संबंधित अन्य बिंदुओं का विस्तृत रूप से प्रस्तुतीकरण किया। इस दौरान जिला मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजय पाल मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

अमित रेखा अजय कुमार सिंह मण्डल प्रभारी

अयोध्या। जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक पार्टी के प्रदेश महासचिव आदरणीय श्री बृजेश सिंह राजावतश जी का पावन अयोध्या नगरी में सीताराम विवाह महोत्सव में सम्मिलित होने के लिये पधारे रहे जाते समय जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेन्द्र सिंह श्बॉबीश ,प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज कुमार



सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आई पी सिंह जी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विजय प्रताप सिंह पिंटूश,जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास्तव ,जिला सचिव प्रमोद सिंह जी ,नरेंद्र प्रताप सिंह श्सोनूश,उप सचिव अरुण सिंह राठौर,दीप चंद्र सोनी ,खीरेस्वर महादेव ज्योतिर्लिंग के सेवक श्री राजपरीक्षित जी ,जिलाध्यक्ष (छा0प्र0) आदित्यनारायन जायसवाल ,प्रधान महासचिव (छा0प्र0)प्रेमप्रकाश सिंह ,नगर महासचिव(छा0प्र0) अश्वनी शर्मा ,ब्लाक उपाध्यक्ष मान सिंह ,रागेंद्र सिंह श्राजू ,राघवेंद्र सिंह श्दरोगाश,सुनील सिंह ,नफीस खॉन ,ओमकार सिंह ,सर्वेश कुमार ,अम्बरीस श्रीवास्तव,आकाश कुमार ,रितेश सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मोहम्मदपुर चौकी ,खीरेस्वरमहादेव मंदिर,उधौली चौराहा ,भिटरिया चौराहा सहित जगह पर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया व अहमदपुर टोल प्लाजा से ग्राम बम्भौरा तक किलोमीटर मोटर साइकिलो व चार पहिया वाहनों से रोड शो निकला

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरवढ़ा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. - 9532989009

उप सम्पादक - के.के. राय
सह. सम्पादक- चन्द्रशेखर यादव
मण्डल प्रभारी गोरखपुर- राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो.- 9792617679
विज्ञापन व्यवस्थापक- नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक- निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com